page 1_Layout 1 08-09-2026 20:53 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज भारती

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 9 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :137 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

नेपाल बाढ़ आपदा में अबतक 1,356 लोगों की मौत

मलबे में जारी जिंदगी की तलाश, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स पर रेस्क्यू

● पहाड़ी इलाकों में टूटे रास्तों ● भारी मलबे के कारण बचाव अभियान में काफी दिक्कतें आ रही

डेली आवाज भारती

नेपाल में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के करीब दो हफ्ते बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू टीमें अलग-अलग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं। पहाड़ी इलाकों में टूटे रास्तों, भारी मलबे और मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बचाव अभियान में काफी दिक्कतें आ रही हैं। बाढ़ और भूस्खलन से नेपाल में अब तक 1,356 लोगों की मौत हो चुकी है।

अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है, लेकिन 4,894 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 587 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।रेस्क्यू टीमें कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। लांगटांग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी। लापता लोगों की तलाश। बचाव दल का प्रभावित क्षेत्रों में अभियान। चिलिमे हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग में नेपाली



और भारतीय सेना की संयुक्त टीम करीब 115 मीटर अंदर तक पहुंच चुकी है आज। अपर त्रिशूली-1 परियोजना की सुरंग में बचावकर्मियों ने करीब 400 मीटर तक तलाशी ली, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। मेलुंग खोला क्षेत्र में ड्रोन की मदद से व्यापक सर्च अभियान चलाया गया है आज। करीब 1 किलोमीटर क्षेत्र में ड्रोन से सर्च किया गया। त्रिशूली-3ए परियोजना में सुरंग और पावर हाउस के भीतर लापता लोगों की तलाश लगातार जारी है, बचाव दल लगातार जुटा हुआ है। त्रिशूली-3क्र क्षेत्र में ड्रोन और थर्मल कैमरों की मदद से चल रहा सर्च ऑपरेशन। ऑफिस और रिहायशी इलाकों में तलाशी चल रही है। वहीं, तिब्बत में 43 लोगों की मौत हुई है और 519 लोग अभी भी लापता हैं। नेपाल-तिब्बत में बाढ़ और भूस्खलन के बाद कुछ भारतीय नागरिकों के भी लापता होने की जानकारी है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने लापता भारतीयों के परिजनों से डीएनए सैंपल जमा करने को कहा है, ताकि बरामद शवों की पहचान की जा सके।

नेपाल ने मांगा करीब 2 करोड़ डॉलर का मुआवजा

नेपाल ने बाढ़ से हुए भारी नुकसान के लिए करीब 2 करोड़ डॉलर यानी लगभग 189 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की है। नेपाल का कहना है कि जलवायु परिवर्तन में उसका योगदान बेहद कम है, लेकिन इसके बावजूद देश को जलवायु परिवर्तन का गंभीर असर झेलना पड़ रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 30 वर्षों में नेपाल के पहाड़ों ने करीब एक-तिहाई बर्फ खो दी है।

हरपाल चीमा पर हो कत्ल का पर्चा दर्ज : सुखबीर बादल

- **गुलजार मौत मामला: सरदार सुखबीर सिंह बादल ने वित्तमंत्री हरपाल चीमा पर निशाना साधते हुए उनके खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करने की मांग की**



डेली आवाज भारती

संगरूर/चंडीगढ़: शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज वित्तमंत्री हरपाल चीमा और आत्महत्या पीिं त गुलजार सिंह द्वारा अंतिम बयान में नामजद सभी लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए मामला दर्ज करने की मांग की है। अकाली दल अध्यक्ष ने आज तुर बंजारा गांव में गुलजार सिंह के घर का दौरा किया और पीिं त परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाएगी और तब तक चैन से नही बैठेगी जब तक हरपाल चीमा को गिरफ्तार नही किया जाता और उसे अपराध के लिए दंडित नही किया जाता। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि गुलजार सिंह की एकमात्र गलती यह थी कि उन्होने वित्तमंत्री हरपाल चीमा द्वारा संबोधित लोक मिलनी में सच बोला। उन्होने कहा,'' गुलजार 'चिटटा' ड्रग की बिक्री के कारण परेशान थे, जिसके कारण उनका बेटा इसका आदी हो गया था। यही कारण है कि उन्होने चीमा से अपने गांव में ड्रग्ज की बे पैमाने पर हो रही बिक्री के बारे में सवाल किया , जो मंत्री जी को पंसद नही आया। मंत्री जी के साथियों ने गुलजार को परेशान किया और उन पर सच बोलने के लिए माफी मांगने के लिए दबाव डाला। गुलजार इस उत्पी न को सहन नही कर सके और उन्होने अपनी आत्महत्या कर ली।'' मौत से पहले दिए गए बयान को पवित्र बताते हुए सरदार बादल ने कहा,'' सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश साफ हैं। मौत से पहले दिए गए बयान के मामले में केस दर्ज किया जाना चाहिए। वित्तमंत्री और गुलजार द्वारा नामित अन्य सभी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। पुलिस को दोषियों को बचान की कोशिश नही करनी चाहिए।'' सरदार बादल ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि आम आदमी पार्टी सरकार की गलत नीतियों के कारण लोग आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। उन्होने कहा,'' ड्रग्ज के खतरे ने सभी हदें पार कर दी हैं। स्थिति इतनी बिगे गई है कि राज्य में ड्रग्ज की होम डिलीवरी हो रही है।'' उन्होने यह भी कहा कि आप पार्टी के नेता ड्रग माफिया को संरक्षण दे रहे हैं और मासिक के बदले पुलिस कार्रवाई से उनको बचा रहे हैं। यही कारण है कि ड्रग्ज की लत और ओवरडोज से होने वाली मौतों की संख्या बहुत ज्यादा बे गई है।''

एमपी में ज़हरीली शराब पीने के कारण अब तक 22 की मौत

- **इस घटना के बाद 112 लोग बीमार बताए जा रहे हैं**
- **सागर और भोपाल के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं**
- **आरोपियों के कब्जे से 1249 पाव देशी शराब बरामद की**

डेली आवाज भारती

सागर। मध्य प्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब पीने से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 22 हो गया है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। वहीं इस घटना के बाद 112 लोग बीमार बताए जा रहे हैं, जिन्हें सागर और भोपाल के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1249 पाव देशी शराब बरामद की गई है, जिसकी कुल मात्रा 225.12

पुलिस ने 14 को किया गिरफ्तार



पिता-पुत्र समेत 22 लोगों की गई जान

जहरीली शराब कांड में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। वहीं 112 लोग बीमार हुए हैं, जिनका सागर और भोपाल के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

लीटर बताई गई है। यह शराब सागर गोल्ड कंपनी की लाल मसाला देशी शराब बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए सभी 14 आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और अवैध शराब के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि जहरीली शराब का निर्माण कहां किया गया, इसे किन लोगों ने तैयार किया और सागर में इसकी सप्लाई किस नेटवर्क के जरिए हुई।

पंजाब महिला आयोग की ओर से मौड़ में 'शी रन्स-2026' मैराथन 9 सितंबर को : चेयरपर्सन राज लाली गिल

- **पंजाब सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध: महिला आयोग चेयरपर्सन**
- **महिलाओं से बढ़-चढ़कर मैराथन में हिस्सा लेने की अपील**

डेली आवाज भारती

बठिंडा/सुकून महाजन: पंजाब महिला आयोग की ओर से 9 सितंबर को मौड़ में %शी रन्स-2026% मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह राज्य में अपनी तरह की पहली विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित मैराथन है, जिसका मुख्य उद्देश्य गुणवत्ता, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना है। यह जानकारी पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती राज लाली गिल ने मीडिया से बातचीत करते हुए साझा की। इस मौके पर पंजाब मीडियम इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन श्री नील गर्ग भी मौजूद थे। चेयरपर्सन श्रीमती राज लाली गिल ने कहा कि यह मैराथन पंजाब सरकार की महिलाओं की छवि को ऊंचा उठाने और उन्हें समाज में बराबर का दर्जा देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। उन्होंने बताया कि मौड़ मंडी की अनाज मंडी में 9 सितंबर को सुबह 6ः30 बजे 2.5 किलोमीटर लंबी मैराथन आयोजित की जाएगी, जिसमें हर आयु वर्ग की महिलाएं भाग लेंगी। श्रीमती गिल ने कहा कि इस मैराथन में सिर्फ महिलाएं ही नहीं, बल्कि पिता, भाई और पति के रूप में पुरुष भी महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए इसका हिस्सा बनेंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें एक मंच पर एकजुट करने के लिए यह मैराथन राज्य के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह नहीं होंगे कांग्रेस में शामिल

- **बीजेपी के साथ मजबूती से खड़े और कांग्रेस में दोबारा शामिल होने का सवाल ही पैदा नहीं होता**
- **चंडीगढ़ में बेटी जयइंदर कौर ने सभी चर्चाओं को पूरी तरह से निराधार और मनगढ़ंत करार दिया**

बेटी जयइंदर कौर ने लगाया अफवाहों पर विराम

डेली आवाज भारती

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस में घर वापसी को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर पूर्णविराम लग गया है। पंजाब भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष और उनकी बेटी जयइंदर कौर ने साफ लहजे में कहा है कि उनके पिता भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं और कांग्रेस में दोबारा शामिल होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। चंडीगढ़ में उन्होंने सभी चर्चाओं को पूरी तरह से निराधार और मनगढ़ंत करार दिया। दूसरी ओर, पूरे सियासी घटनाक्रम को लेकर उठे बवंडर पर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने खुद चुप्पी साध रखी है। हालांकि, पंजाब के राजनीतिक विश्लेषक कैप्टन के इस रुख को भाजपा के भीतर राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने की सोची-समझी रणनीति के रूप में देख रहे हैं। दरअसल, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त के लाल किले वाले भाषण के संदर्भ में एक लेख लिखा था। इस लेख में उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल किए



गए शब्द 'मेंटल नक्सल' की व्याख्या पर सवाल उठाए थे। इसके बाद राजनीतिक गलियारों में अचानक यह चर्चा तेज हो गई कि कैप्टन के सुर भाजपा से अलग हो रहे हैं और वे फिर से कांग्रेस का रुख कर सकते हैं। राहुल गांधी द्वारा हाल के दिनों में कैप्टन का जिक्र किए जाने से इन अफवाहों को और बल मिला था। इन खबरों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयइंदर कौर ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह दो-तीन महीने पहले भी उड़ाई गई एक सोची-समझी अफवाह थी, जिसे कांग्रेस अब दोबारा तूल देने की शरारत कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस समय भयंकर अंदरूनी कलह से जूझ रही है और जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे शिगूफे छोड़ रही है। जयइंदर कौर ने कहा, ÷ऐसी कोई बात नहीं है। कैप्टन साहब और मैं भाजपा में हैं और हम भाजपा के मंच से ही पंजाब की राजनीति करेंगे।

चंडीगढ़ में कांग्रेस ने सीएम आवास घेरने की कोशिश की

पुलिस ने चलाई वाटर कैनन, राजा वड़िंग समेत कई हिरासत में

- **पुलिस ने कांग्रेसी नेताओं को बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया**
- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बसों में भरकर हिरासत में ले लिया**
- **राजा वड़िंग समेत सभी को सेक्टर-11 थाने में ले जाया गया**

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में कांग्रेसी नेताओं ने पंजाब के मुख्यमंत्री का घेराव करने की कोशिश की। पर इस दौरान पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। जब बावजूद इसके कांग्रेसी नेता और वर्कर नहीं रुके तो पुलिस ने उन पर वाटर कैनन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। करीब आधे



घंटे तक कांग्रेसी बैरिकेड पार करने की कोशिश करते रहे। इसके बाद पुलिस ने राजा वड़िंग समेत कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को बसों में भरकर हिरासत में ले लिया। सभी को सेक्टर-11 थाने ले जाया गया। कांग्रेस ने भले ही पंजाब का प्रभारी बदल दिया है, लेकिन आज के प्रदर्शन में पार्टी पूरी तरह एकजुट नजर नहीं आई। चरणजीत सिंह चन्नी समेत कई बड़े नेता प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग कई वरिष्ठ नेताओं को मंच पर जुटाने में सफल रहे। राजा वड़िंग समेत पार्टी के कई नेताओं ने पंजाब सरकार पर निशाना साधा।

सरकार की नाकामियों के खिलाफ लगाया धरना

यह धरना पंजाब सरकार की नाकामियों के खिलाफ लगाया गया था। पंजाब सरकार के मुलाजिमों की ओल्ड पेंशन स्कीम मुश्किल है। मुलाजिमों के डीए की प्रॉब्लम हैंडल नहीं हो रही। क्रॉस बॉर्डर जो ड्रग्स आ रहा है, उसकी मुश्किल हो रही है। लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन नहीं हो रहा है। 4,36,000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है, उसका भी सही से उपयोग नहीं हुआ, जो हाईकोर्ट में भी कहा है। इन सारी मांगों को लेकर आज का हमारा धरना है।

सुखबीर सिंह बादल एक बार फिर तलब

एसआईटी 11 सितंबर को चंडीगढ़ में बहबल कलां गोलीकांड में करेगी पूछताछ

- **बहबल कलां गोलीकांड : बेअदबी की घटनाओं के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था**
- **इससे पहले भी हो चुकी पूछताछ, जांच में सहयोग के लिए सुखबीर बादल पूरी तरह से तैयार**
- **अलग-अलग स्तर पर जांच टीमें गठित, पंजाब की राजनीति में लंबे समय से बड़ा मुद्दा बना है**

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल को एक बार फिर से स्ट्रज्ञ ने पूछताछ के लिए तलब किया है। स्ट्रज्ञ बहबल कलां गोलीकांड मामले में पूछताछ करेगी,



इसके लिए उन्होंने सुखबीर बादल को 11 सितंबर को चंडीगढ़ में पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले भी सुखबीर बादल को पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है। हालांकि सुखबीर पहले ही कह चुके हैं कि जब भी जांच टीम उन्हें बुलाएगी, वह जांच में सहयोग करेंगे। बहबल कलां गोलीकांड वर्ष 2015 में बरगाड़ी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटनाओं के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था। पुलिस कार्रवाई में बहबल कलां में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि कोटकपूरा में भी पुलिस कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। इसके बाद मामले की जांच के लिए अलग-अलग स्तर पर जांच टीमें गठित की गईं। पंजाब की राजनीति में यह मामला लंबे समय से बड़ा मुद्दा बना हुआ है।

विजय सांपला से हो चुकी पूछताछ

इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला को भी एसआईटी दो बार पूछताछ के लिए बुला चुकी है। वहीं सुखबीर बादल को भी इससे पहले जांच टीम के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया गया था। उस समय उन्होंने कहा था कि वह जांच में हर संभव सहयोग करने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह सुखबीर बादल हैं और डरने वाले नहीं हैं।

लुधियाना में प्रेग्नेंट महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

लुधियाना। 3 महीने की प्रेग्नेंट महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। मृतका की पहचान 25 साल की हरप्रीत कौर के रूप में हुई है। महिला के परिजनों ने कबड्डी खिलाड़ी पति जसप्रीत पर हत्या के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जसप्रीत ने उनकी बेटी की हत्या की है और बाद में इसे सुसाइड का रूप देने की कोशिश की है। परिजनों ने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति और दादा ससुर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। हरप्रीत कौर ने साल 2025 में गांव बुर्ज लिट्टा के जसप्रीत सिंह के साथ शादी की। जसप्रीत पंजाब लेवल का कबड्डी प्लेयर है। हरप्रीत पिछले कुछ समय से घरेलू झगड़ों को लेकर परेशान रहती थी। जसप्रीत उसे दहेज और पैसे के लिए मारता रहता था। इसी कारण वह अपने घर लौट गई थी। परिजनों के मुताबिक जसप्रीत एक दिन पहले ही हरप्रीत को मायके से अपने साथ वापिस ले गया। इसके बाद सोमवार रात उसने नशे में आकर पत्नी को पीटा। फिर उसका गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



page 2_Layout 1 08-09-2026 20:47 Page 1

शिक्षा वह शक्ति है, जो मनुष्य के भीतर आत्मविश्वास कर उसके चरित्र का निर्माण करती हैं- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

■ हमारे बच्चे अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिक विज्ञान और तकनीक में दुनिया का नेतृत्व कर देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी के सपने को कर रहे साकार : नायब सिंह सैनी

■ मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की 22वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में की शिरकत, ऑडिटोरियम हॉल का किया उद्घाटन



चंडीगढ़, राहुल गोयल - हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे बच्चे अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिक विज्ञान और तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करते हुए ब्रह्मलीन स्वामी देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी जी के सपने को साकार कर रहे हैं। उनके हाथों में आधुनिक तकनीक, हृदय में करुणा, दृष्टि विश्वव्यापी होने के साथ- साथ कदम भारत की मिट्टी से जुड़े हैं। ऐसा करके अपनी संस्कृत और मातृभाषा को गौरव प्रदान किया है। आज सभी शिक्षण संस्थाओं में आधुनिकता और भारतीय संस्कारों का जो सुंदर संगम दिखाई देता है, वह इसी दूरदर्शी सोच का विस्तार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को लाडवा के डीबीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की 22वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑडिटोरियम हॉल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शॉल ओढाकर संत महात्माओं का स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महामण्डलेश्वर स्वामी हरि चेनानंद महाराज व प्रोफेसर रमेश कुमार पाण्डेय को अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी के तप, त्याग, साधना और मानव- कल्याण के संकल्प को प्रणाम है। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका जीवन समय की सीमाओं में नहीं बंधता। वे शरीर से हमारे बीच न भी रहें तो भी उनके विचार समाज की चेतना में जीवित रहते हैं। उनकी वाणी मार्ग दिखाती है, उनके कार्य प्रेरणा देते हैं और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों का चरित्र गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी जी ऐसे ही दिव्य और विराट व्यक्तित्व थे। उनका जीवन अपने लिए नहीं, समाज के लिए था। उनका ज्ञान प्रदर्शन के लिए नहीं, जनकल्याण के लिए था और उनकी साधना संसार से विमुख होने के लिए नहीं, संसार के दुःख दूर करने के लिए थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी ने हमारे धर्म ग्रंथों का गहन अध्ययन किया। उनकी महानता यह थी कि उन्होंने उस ज्ञान को जीवन में उतारा। उन्होंने वेदों के ज्ञान को विद्यालयों तक, गीता के कर्मयोग को जनसेवा तक और भारतीय संस्कृति के संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है %सा विद्या या विमुक्तये%, अर्थात् सच्ची विद्या वही है, जो मनुष्य को अज्ञान, भय, संकीर्णता और बंधनों से मुक्त करे। स्वामी इसी विचार के जीवंत प्रतीक थे। वे मानते थे कि शिक्षा केवल अक्षर-ज्ञान या डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है। शिक्षा वह शक्ति है, जो मनुष्य के भीतर आत्मविश्वास पैदा कर उसके चरित्र का निर्माण करती हैं। कर्तव्य का बोध कराती है और राष्ट्र के प्रति समर्पण पैदा करती है। उनके लिए विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्ति निर्माण और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला था। स्वामी जी गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रबल समर्थक रहे। उन्होंने गुरुकुलों को परंपरागत शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का दूरदर्शी प्रयास किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी जी ने अपने विचारों को केवल उपदेशों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने धर्म व राष्ट्र को सर्वोपरि माना। यहीं नहीं उन्होंने सेवा के संकल्प को संस्थाओं का रूप दिया।

विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने अजनाला में 'खेलां वतन पंजाब दियां' सीजन-4 के ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों का किया उद्घाटन

■ स्वस्थ एवं नशा-मुक्त 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए युवा खेलों को अपनाएं: कुलदीप सिंह धालीवाल

डेली आवाज भारती



अजनाला/अमृतसर, सलोनी नेहा गिल) मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा राज्य में खेल संस्कृति को और मजबूत करने के उद्देश्य से करवाई जा रही 'खेलां वतन पंजाब दियां' सीजन-4 के ब्लॉक स्तरीय खेल मुकाबलों की आज सरकारी कॉलेज, अजनाला से औपचारिक शुरुआत हुई। इन ब्लॉक स्तरीय खेल मुकाबलों का उद्घाटन विधायक अजनाला स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने किया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी स. गुरमीत सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। आज शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में एथलेटिक्स के मुकाबले करवाए गए, जिनमें ब्लॉक अजनाला के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। खिलाड़ियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य की गौरवशाली खेल विरासत को पुनर्जीवित करने तथा पंजाब को खेलों के क्षेत्र में फिर से अग्रणी बनाने के उद्देश्य से 'खेलां वतन पंजाब दियां' का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से पंजाब के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित किया जा रहा है, जिससे खेल गतिविधियों में उनकी भागीदारी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के हर गांव, कस्बे और शहर में छिपी हुई खेल प्रतिभा की पहचान, उसे निखारने और आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य कर रहा है। स. धालीवाल ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, मेहनत, टीम भावना, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प जैसे गुण भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करना और निरंतर मेहनत के माध्यम से सफलता हासिल करना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति समर्पण और अथक मेहनत ही हमारे युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और देश के लिए पदक जीतने के योग्य बनाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है तथा राज्य सरकार उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित एवं विकसित करने के लिए उचित मंच और अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चीफ जस्टिस, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की नियुक्ति में मान सरकार की घोर लापरवाही हुई जगजाहिर : जगमोहन सिंह कंग

डेली आवाज भारती



माजरी, (संदीप अकालगढ़िया): कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग ने एक बयान में कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री अश्वनी कुमार मिश्रा की नियुक्ति को लेकर उनके शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित करने की मांग करना और इसके बाद समारोह का बहिष्कार करना बेहद अनुचित, गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत चीफ जस्टिस संबंधित राज्य की न्यायपालिका का प्रमुख होता है। पूर्व मंत्री कंग, जो स्वयं अधिवक्ता एवं हाईकोर्ट बार के सदस्य भी हैं, ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217(1) के तहत चीफ जस्टिस के पद पर संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद नियुक्ति की जाती है। कंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने 6 अगस्त 2026 को चार राज्यों–पंजाब एवं हरियाणा, महाराष्ट्र/बॉम्बे, पश्चिम बंगाल/कलकत्ता तथा बिहार/पटना–के हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद दूसरी किश्त में राजस्थान, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर आदि के लिए भी नए चीफ जस्टिसों के नाम भेजे गए थे। संबंधित सभी राज्यों ने अपनी-अपनी राय एवं सहमति केंद्र सरकार को भेज दी थी। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त को केंद्र सरकार एवं कानून मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को लेकर संबंधित राज्यों, जिनमें पंजाब एवं हरियाणा भी शामिल हैं, के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजकर उनकी राय एवं सहमति मांगी थी। कंग के अनुसार, हरियाणा के मुख्यमंत्री और हरियाणा के राज्यपाल ने 12 एवं 13 अगस्त को ही अपनी सहमति केंद्र सरकार को भेज दी थी। इसके विपरीत पंजाब सरकार के संबंधित अधिकारियों की कथित घोर लापरवाही, अनुभवहीनता एवं गैर-जिम्मेदारी के कारण चीफ जस्टिस के नाम पर पंजाब सरकार की सहमति अथवा राय समय पर केंद्र सरकार को नहीं भेजी जा सकी।

न्यू चंडीगढ़ में 10 सितंबर को होगी 'पंजाब बचाओ रैली', सुखबीर सिंह बादल करेंगे संबोधित : रविंदर सिंह खेड़ा

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): शिरोमणि अकाली दल के हलका खरड़ इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा ने मंगलवार को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 10 सितंबर को खरड़ में होने जा रही शिरोमणि अकाली दल की विशाल 'पंजाब बचाओ रैली' संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह रैली 10 सितंबर को सुबह 11 बजे गांव पलहेड़ी, न्यू चंडीगढ़ (पी.आर.-7, एयरपोर्ट रोड, सनटेक सिटी के सामने) में आयोजित की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में रैली में शामिल होकर मौजूदा 'आप' सरकार की धक्केशाही, ज्यादतियों और खराब शासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। खेड़ा ने बताया कि 10 सितंबर को होने वाली इस विशाल रैली को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल सहित पार्टी की पूरी वरिष्ठ लीडरशिप संबोधित करेगी। मौजूदा 'आप' सरकार, मुख्यमंत्री भगवंत मान और खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार ने खरड़ को विकास के मामले में कई वर्ष पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ने अब परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ का हलका इंचार्ज बना दिया है, लेकिन केवल चेहरा बदलने से सरकार लोगों के साथ किए गए धक्कों और ज्यादतियों से बच नहीं सकती खेड़ा ने कहा कि गोल्डी को भी जनता को जवाब देना होगा और बताना होगा कि पिछले पांच वर्षों में खरड़ का विकास क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान खरड़ शहर के अहम मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जाएगा इनमें कुराली का 40 वर्ष पुराना अस्पताल प्रमुख है, जिसकी इमारत की हालत बद से बदतर हो चुकी है तथा वहां न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही जरूरी स्टाफ इसके अलावा बिजली की खतरनाक तारें, शिवालिक सिटी, शिवजोत कॉलोनी, छज्जूमाजरा कॉलोनी और संतेमाजरा में सीवरेज की समस्या, स्नैचिंग, अपराध और नशे का बढ़ता प्रसार, पुलिस के बुनियादी ढांचे की कमी, साफ पीने वाले पानी की समस्या, गांवों में बंद पड़े कम्युनिटी हॉल, हलके में टूटी सड़कें और सार्वजनिक शौचालयों की कमी जैसे गंभीर मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए जाएंगे। खेड़ा ने कहा कि सरकार ने स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है उन्होंने कहा कि जोगियां वाला मोहल्ला, ग्रीन वैली, छज्जूमाजरा कॉलोनी और संतेमाजरा में स्कूलों तथा स्वास्थ्य सेवाओं का न तो विस्तार किया गया है और न ही उन्हें अपग्रेड किया गया है। खेड़ा ने याद करवाया कि जब राज्य में शिरोमणि अकाली दल की सरकार थी, तब सुखबीर सिंह बादल के दूरदर्शी विजन के तहत न्यू चंडीगढ़ में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से सड़कें, सीवरेज, स्ट्रीट लाइटें और पीने वाले पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थीं उन्होंने दावा किया कि इससे राज्य के लिए 50 हजार करोड़ रुपये का राजस्व पैदा हुआ और जमीनों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति में भी बड़ा बदलाव आया। खेड़ा ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में 'आप' सरकार ने खरड़ शहर के लिए कुछ नहीं किया उन्होंने कहा कि इससे पहले कंवर संधू पांच वर्ष तक खरड़ शहर में सत्ता में रहे, जबकि अब अनमोल गगन मान के कार्यकाल के दौरान पिछले पांच वर्षों में खरड़ शहर में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का बोलबाला और बढ़ गया है।

डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में प्रोजेक्ट 'जीवनजोत' को मिली और गति; बाल भिक्षावृत्ति से 39 बच्चों को कराया गया रेस्क्यू

■ 195 हॉटस्पॉट पर 82 विशेष रेड; बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कर शिक्षा और सुरक्षित भविष्य से जोड़ने की दिशा में अहम कदम

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़, राहुल गोयल: पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने और हर बच्चे के बचपन को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार द्वारा प्रोजेक्ट 'जीवनजोत' के तहत राज्यभर में अभियान को और तेज किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हर बच्चे को भिक्षावृत्ति, शोषण और असुरक्षा से मुक्त कर उसे सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान से भरपूर जीवन प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी उद्देश्य से जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से प्रोजेक्ट 'जीवनजोत' को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पिछले दिनों से शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान दिन और शाम के अलग-अलग समय में 195 हॉटस्पॉट पर 82 विशेष रेड की गईं। इस दौरान 39 बच्चों को बाल भिक्षावृत्ति से रेस्क्यू कर संबंधित बाल कल्याण समितियों के समक्ष पेश किया गया। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों और पारिवारिक पहचान के सत्यापन के बाद 27 बच्चों को मौके पर ही उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया, जबकि शेष 12 बच्चों को बाल गृहों में सुरक्षित रखा गया है। इन बच्चों को भी संबंधित परिवारों के साथ संबंध की पुष्टि होने के बाद ही उनके सुपुर्द किया जाएगा, ताकि उनके सर्वोत्तम हितों और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि रेस्क्यू किए गए बच्चों को दोबारा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 6 बच्चों के स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि अन्य 6 बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों से जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि उन्हें पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के दौरान सबसे अधिक 10 बच्चों को तरनतारन, 9 को अमृतसर, 7 को लुधियाना और 5 बच्चों को एस.ए.एस. नगर से रेस्क्यू किया गया। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार का मानना है कि किसी भी बच्चे का स्थान सड़कों पर नहीं, बल्कि स्कूल, आंगनवाड़ी और अपने परिवार के सुरक्षित वातावरण में है। उन्होंने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रखेगी। लोगों से इस नेक प्रयास में भागीदार बनने की अपील करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यदि किसी भी बच्चे को भीख मांगते हुए या किसी भी ऐसी स्थिति में देखा जाए, जहां उसे सुरक्षा की आवश्यकता हो, तो इसकी सूचना तुरंत अपने जिले की जिला बाल सुरक्षा इकाई, बाल कल्याण समिति या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जाए। उन्होंने कहा कि आपकी एक सूचना किसी बच्चे का बचपन बचा सकती है और उसके भविष्य को नई दिशा दे सकती है।

अमृतसर शहर में सिक्योरिटी के इंतज़ाम कड़े किए गए, रात में स्पेशल चेकिंग और दिन-रात डोमिनेशन प्लान लागू

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : श्री हरमनबीर सिंह गिल, IPS, पुलिस कमिश्नर अमृतसर के निर्देशों पर, अमृतसर शहर में लोगों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को पक्का करने के लिए पुलिस की तरफ से स्पेशल चेकिंग कैंपेन चलाया जा रहा है। आज, ष्ठ ब्लॉक, स्टारबक्स के पास, रंजीत एवेन्यू, अमृतसर में चेकपॉइंट की चेकिंग के दौरान, श्री जुगराज सिंह, ष्ठष्टक्क ऑपरेशंस ने बताया कि इस कैंपेन के दौरान, ट्रैफिक पुलिस टीमों और संबंधित थानों के साथ मिलकर गाड़ियों की चेकिंग कर रहे हैं। गाड़ियों पर काली फिल्म, स्टिकर और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नर, अमृतसर की तरफ से जारी निर्देशों के अनुसार, सभी खाने-पीने की दुकानें, फूड पॉइंट और रेस्टोरेंट रात 12:00 बजे के बाद खुले नहीं रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाली जगहों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, गाड़ियों में जानलेवा हथियार रखने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर गाड़ियों की चेकिंग के दौरान पुलिस को कोई जानलेवा हथियार या संदिग्ध चीज़ बरामद होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। लोगों की शांति और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, तेज़ म्यूज़िक पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। गाड़ियों या किसी भी पब्लिक जगह पर तेज़ म्यूज़िक बजाकर आम लोगों को परेशान करने वालों के खिलाफ नियमों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ऑपरेशन ने बताया कि अमृतसर शहर में 68 बीट पर दिन-रात डोमिनेशन के दौरान, EVR, PCR, QRT गाड़ी, नाका और पेट्रोल पॉइंट पर करीब 1000 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। शहर में क्रिमिनल गतिविधियों पर रोक लगाने और लोगों की सुरक्षा को और मज़बूत करने के लिए नाइट डोमिनेशन प्लान शुरू किया गया है। अमृतसर शहर में कुल 68 पुलिस बीट पर दिन-रात पुलिस की गाड़ियां और दूसरे सुरक्षा उपकरण तैनात किए गए हैं। दिन और रात की ड्यूटी मिलाकर शहर की सुरक्षा के लिए हर समय करीब 1000 पुलिस कर्मचारी तैनात रहते हैं। पुलिस टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं, नाकाबंदी कर रही हैं और सेंसिटिव और भीड़भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध लोगों/गाड़ियों की चेकिंग कर रही हैं। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर, श्री हरमनबीर सिंह गिल, IPS ने साफ निर्देश दिए हैं कि कानून तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य मकसद क्राइम कंट्रोल करने के साथ-साथ शहर के लोगों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल देना है। अमृतसर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे कानून और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, रात के समय समय की पाबंदी का सम्मान करें और शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस का सहयोग करें।

मोहनजीत सिंह से अस्पताल में मिले अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष, पंजाब डीजीपी से 10 दिन में रिपोर्ट तलब

डेली आवाज भारती

■ कथित पुलिस प्रताड़ना और धार्मिक पहचान से छेड़छाड़ के आरोपों पर आयोग ने लिया संज्ञान, निष्पक्ष जांच की मांग

पटियाला। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ने मंगलवार को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन मोहनजीत सिंह से मुलाकात की। संगरूर जिले के शेरों गांव निवासी मोहनजीत सिंह और उनके परिजनों से बातचीत कर उन्होंने कथित पुलिस प्रताड़ना के मामले की जानकारी ली। आयोग ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक से 10 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग को मोहनजीत सिंह के परिवार की ओर से 2 सितंबर को सुनाम के शेरों गांव में आयोजित आम आदमी पार्टी सरकार के लोक मिलनी कार्यक्रम से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों को संबोधित किया था। शिकायत के अनुसार, माहनजात ासह न राज्य म नश का समस्या के विरोध में कथित तौर पर काला झंडा दिखाया था। इसके बाद उन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर मारपीट और प्रताड़ना का शिकार बनाए जाने के आरोप लगाए गए हैं। परिवार ने शारीरिक चोटों और बिजली के झटके दिए जाने के भी आरोप लगाए हैं। शिकायत में मोहनजीत सिंह की धार्मिक पहचान के साथ कथित हस्तक्षेप का मुद्दा भी उठाया गया है। आरोप है कि उनका जूड़ा जबरन खोला गया तथा बाल और दाढ़ी खींचे गए। परिवार ने उनकी मां और बहन के साथ पुलिस कर्मचारियों द्वारा कथित दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत भी आयोग के समक्ष रखी है। अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ने मोहनजीत सिंह और उनके परिवार से विस्तार से बातचीत कर घटना से संबंधित परिस्थितियों और आरोपों की जानकारी ली। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने पंजाब डीजीपी को पत्र लिखकर मामले की तथ्यात्मक स्थिति, अब तक की गई कार्रवाई, जांच की प्रगति और संबंधित कार्यवाही का विवरण मांगा है। आयोग ने कहा है कि पुलिस की रिपोर्ट और उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद अपने वैधानिक अधिकार क्षेत्र में आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रेवाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को गरिमा, सम्मान और अपनी धार्मिक पहचान की सुरक्षा का अधिकार है।

पंजाब के सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल होने वाले पीड़ितों की संख्या एक वर्ष में 164 प्रतिशत तक बढ़ी चेयरमैन प्रभबीर सिंह बराड़

■ नशा मुक्ति एवं पुनर्वास ढांचे पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है: प्रभबीर सिंह बराड़

डेली आवाज भारती

अमृतसर सलोनी नेहा गिल) : 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत पंजाब सरकार द्वारा नशा पीड़ितों को बेहतर उपचार एवं पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप सरकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों में दाखिल होने वाले मरीजों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल होने वाले नशा पीड़ितों की संख्या वर्ष 2024 में 9,577 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 25,290 हो गई। इस प्रकार एक वर्ष में दाखिलों में 164 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह रुझान वर्ष 2026 में भी जारी है और जुलाई 2026 तक ही 14,000 से अधिक नशा पीड़ित सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल हो चुके हैं। यह जानकारी साझा करते हुए पनसप के चेयरमैन एवं अमृतसर से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता स. प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि सरकारी उपचार एवं पुनर्वास व्यवस्था में बढ़ रहे दाखिले इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि नशा पीड़ितों तथा उनके परिवारों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। चेयरमैन प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा मार्च 2025 में शुरू की गई 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के बाद नशा पीड़ितों को उपचार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। इसका परिणाम यह है कि अधिक से अधिक परिवार सामाजिक कलंक की परवाह किए बिना अपने करीबियों को उपचार के लिए आगे ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नशों के खिलाफ लड़ाई को केवल नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि नशा पीड़ितों को उपचार, पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में दोबारा शामिल करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। चेयरमैन बराड़ ने बताया कि राज्य के सरकारी पुनर्वास केंद्रों में भी दाखिलों में बड़ा इजाफा दर्ज किया गया है। इन केंद्रों में नशा पीड़ितों के दाखिलों की संख्या वर्ष 2024 में 2,644 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 8,574 हो गई। इस प्रकार 224 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। जुलाई 2026 तक ही 5,800 से अधिक पीड़ितों पुनर्वास केंद्रों में दाखिल हो चुके हैं, जो वर्ष 2025 में दर्ज कुल दाखिलों का लगभग 68 प्रतिशत है। इसी तरह पंजाब के आउटपेशेंट ओपिओइड-असिस्टेड ट्रीटमेंट (OOAT) क्लीनिक नेटवर्क के माध्यम से उपचार तक पहुंच में भी वृद्धि हुई है। नई रजिस्ट्रेशनों की संख्या वर्ष 2024 में 13,033 से बढ़कर वर्ष 2025 में 17,702 हो गई, जबकि अगस्त 2026 तक 12,500 से अधिक नए मरीज पंजीकृत हो चुके हैं। स. बराड़ ने कहा कि ये आंकड़े दर्शाते हैं कि पंजाब में नशा पीड़ितों के लिए एक व्यापक उपचार व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिसमें नशा मुक्ति केंद्रों, पुनर्वास सुविधाओं तथा आउटपेशेंट उपचार जैसी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कानून के तहत उपलब्ध पुनर्वास प्रावधानों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। 27 अगस्त 2026 तक 11,000 से अधिक व्यक्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 64-ए के तहत कानूनी सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है। इस प्रावधान का उद्देश्य नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों को उपचार एवं पुनर्वास की ओर ले जाना है। चेयरमैन प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम तीन प्रमुख स्तंभों–नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, नशा पीड़ितों के लिए उपचार एवं पुनर्वास तथा नशों की रोकथाम–पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य नशा पीड़ितों को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें स्वस्थ एवं सम्मानजक जीवन की ओर वापस लाना है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से जूझ रहे किसी भी व्यक्ति या परिवार को डर या सामाजिक कलंक के कारण उपचार से पीछे नहीं हटना चाहिए।

CMYK

page 3_Layout 1 08-09-2026 16:50 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ बुधवार, 9 सितंबर 2026

नशा तस्करों और संगठित अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा: आईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर

बटाला में कानून-व्यवस्था की समीक्षा; रात्री गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और संवेदनशील इलाकों में चेकिंग के आदेश

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): अमृतसर बॉर्डर रेंज के आईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बटाला पुलिस लाइन में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपराधों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को नशा तस्करी, संगठित अपराध और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों से जुड़े तत्वों के खिलाफ और अधिक प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा तस्करों के साथ किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की दलदल से बचाने और समाज विरोधी तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा अभियान को और तेज किया जाए। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के बनती कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को रात के समय गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में लगातार नाकाबंदी और चेकिंग अभियान चलाने के लिए कहा। इसके अलावा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों, जमानत पर रिहा हुए आरोपियों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी और मजबूत करने के आदेश दिए। आईजी ने पुलिस अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का तुरंत निपटारा करने और आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की हिदायत देते हुए कहा कि लोगों का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बटाला पुलिस जिले में अमन-कानून और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रभावी ढंग से कार्रवाई जारी रखेगी। इस मौके पर एसएसपी बटाला डॉ. महिताब सिंह ने कहा कि बटाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों, समाज विरोधी तत्वों और गुंडा तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा उचित प्रबंध किए गए हैं और विभिन्न इलाकों में रोजाना नाकाबंदी कर वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। डॉ. महिताब सिंह ने कहा कि समाज विरोधी तत्वों को बटाला की धरती पर सिर उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाली संगत को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और पूरा धार्मिक समागम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जिले की मौजूदा सुरक्षा स्थिति, अपराधों की रोकथाम और आगामी धार्मिक समागमों को लेकर किए जा रहे प्रबंधों के बारे में भी जानकारी साझा की।

श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व पर नगर कीर्तनों के लिए सुरक्षा व ट्रैफिक के पुख्ता प्रबंध होंगे: एस.एस.पी. महताब सिंह

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): श्री गुरु नानक देव जी और जगत माता सुलखणी जी का 539वां विवाह पर्व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी बटाला में गुरुद्वारा श्री कंध साहिब, गुरुद्वारा श्री डेरा साहिब और गुरुद्वारा श्री सत करतारियां साहिब में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विवाह पर्व के संबंध में संगत की सुविधा, ट्रैफिक प्रबंध और सुरक्षा को लेकर शिरोमणि कमेटी सदस्य जत्थेदार गुरिंदरपाल सिंह गोरा और जत्थेदार गुरनाम सिंह जस्सल के नेतृत्व में गुरुद्वारा श्री कंध साहिब के मैनेजर जगदीप सिंह सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने एस.एस.पी. बटाला डॉ. महताब सिंह से विशेष मुलाकात की। इस अवसर पर जत्थेदार गोरा और जत्थेदार जस्सल ने एस.एस.पी. को विवाह पर्व के संबंध में निकाले जाने वाले दोनों महान नगर कीर्तनों के रूट और कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को गुरुद्वारा श्री बेर साहिब, सुल्तानपुर लोधी से आरंभ होने वाला महान नगर कीर्तन 17 सितंबर, वीरवार की शाम को बटाला पहुंचेगा। इसके अलावा 18 सितंबर को श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व वाले दिन सुबह 7 बजे श्री गुरु नानक देव जी के ससुराल घर से संबंधित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री डेरा साहिब से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा इन दोनों महान नगर कीर्तनों के दौरान संगत की बड़ी आमद को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने, संगत की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने की मांग लिखित रूप में की गई। एस.एस.पी. बटाला डॉ. महताब सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व और इससे संबंधित दोनों महान नगर कीर्तनों के दौरान संगत की सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगत को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे।

जैंती माता की पवित्र याद को समर्पित विशाल लंगर 9 सितंबर को

पी.आर.-4 रोड पर 'बैनीपाल प्रॉपर्टीज' के नजदीक लगेगा कढ़ाह प्रसाद और कढ़ी-चावल का अटूट लंगर





डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया): न्यू चंडीगढ़ क्षेत्र में पी.आर.-4 रोड पर जैंती माता की पवित्र याद को समर्पित विशेष लंगर 9 सितंबर, दिन बुधवार को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ लगाया जा रहा है। इस अवसर पर कढ़ाह प्रसाद और कढ़ी-चावल का अटूट लंगर लगाया जाएगा। इस संबंधी जानकारी देते हुए खरड़ हलके के वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी दविंदर सिंह बैनीपाल ने बताया कि यह लंगर पी.आर.-4 रोड पर 'बैनीपाल प्रॉपर्टीज' के कार्यालय के नजदीक लगाया जाएगा। लंगर की सेवा सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि लंगर के दौरान यहां पहुंचने वाली संगत को श्रद्धा एवं सत्कार के साथ कढ़ाह प्रसाद और कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस पवित्र सेवा को लेकर प्रबंधकों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दविंदर सिंह बैनीपाल ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के कार्य हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और सेवा की भावना से जोड़ते हैं। लंगर की परंपरा हमारे समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों में संगत की भागीदारी से आपसी मेल-जोल और भाईचारा और भी मजबूत होता है। उन्होंने समूह माई-भाई और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस पवित्र लंगर में बढ़-चढ़कर शामिल हों। प्रबंधकों की ओर से सभी संगतों से विनम्र निवेदन किया गया है कि 9 सितंबर को पी.आर.-4 रोड पर पहुंचकर जैंती माता के दर्शन करें, लंगर का प्रसाद ग्रहण करें और प्रबंधकों को सेवा करने का अवसर जरूर प्रदान करें। प्रबंधकों ने कहा कि संगत की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों एवं संगतों को इस पवित्र सेवा में पहुंचने का खुला निमंत्रण दिया है

आग की चपेट में आई दुकान, सामान जलकर राख

समाजसेवियों ने पीड़ित दुकानदार की आर्थिक मदद की

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): गांव चनालों के पास झिंगड़ा रोड पर एक दुकान में अचानक आग लगने से दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया इस घटना में दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए इसी दौरान समाजसेवी अमनवीर सिंह रिक्की भी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। अमनवीर सिंह रिक्की ने बताया कि फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद गाड़ी करीब 20 से 25 मिनट बाद मौके पर पहुंची उन्होंने कहा कि यदि आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने समय रहते आग पर काबू पाने के प्रयास न किए होते तो आग अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। उन्होंने कहा कि कुराली के लोग लंबे समय से शहर में फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग कर रहे थे हालांकि अब यह सुविधा उपलब्ध है, लेकिन घटना स्थल पर समय पर न पहुंच पाने के कारण इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा फायर ब्रिगेड गाड़ी की पानी की क्षमता भी कम है। अमनवीर सिंह रिक्की ने कहा कि कुराली में पटाखों का कारोबार भी होता है। ऐसे में भविष्य में यदि किसी पटाखा दुकान में आग लगती है तो स्थिति गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि कुराली शहर के लिए अधिक क्षमता वाली फायर ब्रिगेड गाड़ी के साथ अनुभवी कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए, ताकि आग लगने की किसी भी घटना पर समय रहते काबू पाया जा सके। इस दौरान समाजसेवियों ने आग से प्रभावित दुकानदार की आर्थिक सहायता भी की। अमनवीर सिंह रिक्की, हरप्रीत सिंह और संजू राणा की ओर से 20 हजार रुपये, गुरमेल सिंह पाबला की ओर से 10 हजार रुपये, जबकि अरविंदर सिंह राजी, बबला चनालों और चांद राणा की ओर से 5-5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मौके पर दी गई। इलाका निवासियों ने समाजसेवियों की ओर से पीड़ित दुकानदार की मदद किए जाने की सराहना करते हुए प्रशासन से फायर सेवाओं को और मजबूत करने की मांग की।

विधायक नरिंदर कौर भराज ने जौलियां, भट्टीवाल खुर्द और भट्टीवाल कलां में 67 लाख रुपये के विकास कार्यों की शुरुआत की

- पब्लिक शेड, वॉलीबॉल ग्राउंड और गलियों के कार्यों से गांवों की साझा सुविधाओं को मिलेगा नया बढ़ावा: भराज

डेली आवाज भारती



संगरूर। विधानसभा क्षेत्र संगरूर के गांवों में बुनियादी और साझा सुविधाओं के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए विधायक नरिंदर कौर भराज ने गांव जौलियां, भट्टीवाल खुर्द और भट्टीवाल कलां में करीब 67 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत करवाई। इन कार्यों में पब्लिक शेड, वॉलीबॉल ग्राउंड और गलियों के विकास से संबंधित कार्य शामिल हैं। विधायक भराज ने कहा कि गांवों का विकास तभी सार्थक होता है, जब विकास कार्य स्थानीय लोगों की वास्तविक जरूरतों से जुड़े हों। उन्होंने कहा कि पब्लिक शेड जैसी साझा सुविधाएं गांववासियों को सामाजिक समारोहों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध करवाएंगी, जबकि वॉलीबॉल ग्राउंड युवाओं को खेलों से जोड़ने में लाभदायक साबित होगा। इसी तरह गलियों के निर्माण एवं विकास से गांवों के बुनियादी ढांचे में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में गांवों में विकास कार्यों को लोगों की प्राथमिकताओं के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायतों के साथ सीधे तालमेल रखते हुए जरूरी कार्यों की पहचान कर उन्हें अमली रूप देने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

2 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित 1 गिरफ्तार

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अदार पर नशा करते हुए 1 व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम की इंस्पैक्टर परमजीत कौर ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान अकाशदीप सिंह उर्फ रिंकू पुत्र मल सिंह वासी छांगा राए उताड़ को नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्नी, लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामलें की जांच कर रही परमजीत कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अकाशदीप पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

बचपन हाथ फैलाने के लिए नहीं, सपनों को उड़ान देने के लिए है; लहरागागा में बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ कार्रवाई के दौरान एक बच्चा रेस्क्यू

- बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए विभागों की संयुक्त मुहिम लगातार जारी रहेगी: प्रदीप सिंह गिल

डेली आवाज भारती



लहरागागा/संगरूर, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब द्वारा जारी निर्देशों की पालना के तहत और जिला कार्यक्रम अधिकारी संगरूर प्रदीप सिंह गिल के नेतृत्व में एंटी बेगिंग टास्क टीम द्वारा लहरागागा में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई की गई। विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों की जांच के दौरान एक बच्चे को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चे को नियमों के अनुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप सिंह गिल ने कहा कि बच्चों को भिक्षावृत्ति से दूर रखकर सुरक्षित माहौल से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के आपसी तालमेल से ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि कोई बच्चा भीख मांगता, मुश्किल हालात में या किसी तरह की सुरक्षा एवं सहायता की जरूरत में नजर आता है, तो उसे नजरअंदाज न किया जाए और तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दी जाए। उन्होंने कहा कि समय पर दी गई जानकारी किसी जरूरतमंद बच्चे तक सुरक्षा और सहायता पहुंचाने में मददगार साबित हो सकती है।

50 बोतल अवैध शराब सहित पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने जिला पुलिस प्रमुख स.भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर आबकारी अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई ओम प्रकाश ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके देसा सिंह पुत्र गुरबचन सिंह वासी गांव पोजोके को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 50 बोतलें अवैध शराब बरामद की है। मामले की जांच कर रहे ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में देसा सिंह पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

थोड़ी बारिश ही खोल देती है वार्ड नंबर 14 के सीवरेज इंतजामों की पोल

कुछ गलियों में नियमित रूप से कूड़ा न उठाए जाने और सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): बटाला के वार्ड नंबर 14 में जहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच अपनी सक्रियता दिखाने और मीडिया की सुर्खियां बटोरने की होड़ दिखाई दे रही है, वहीं वार्ड की जमीनी स्थिति कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। राजनीतिक गतिविधियों के दौरान समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचकर फोटो खिंचवाने और अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने की कोशिशें तो नजर आती हैं, लेकिन दूसरी ओर स्थानीय लोगों की बुनियादी समस्याएं अभी भी बरकरार हैं।

वार्ड में सीवरेज व्यवस्था और बरसाती पानी की निकासी की समस्या सबसे प्रमुख मुद्दों में शामिल है। स्थानीय लोगों के अनुसार थोड़ी सी बारिश होते ही निचली गलियों में पानी जमा हो जाता है। कई स्थानों पर सीवरेज का गंदा पानी निचले घरों के अंदर तक पहुंच जाता है। गलियों और मोहल्ले के आसपास पानी जमा रहने से लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी की उचित निकासी न होने के कारण गलियों में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बन जाता है। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। लोगों का कहना है कि सीवरेज और जल निकासी की समस्या का अस्थायी समाधान करने के बजाय इसका स्थायी हल किया जाना चाहिए। इसके अलावा वार्ड की कुछ गलियों में नियमित रूप से कूड़ा न उठाए जाने और सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर कूड़ा नहीं उठाया जाए और सफाई व्यवस्था सुचारू न हो तो बारिश के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है। मौजूदा कांग्रेस पार्षद के पति गुरप्रीत शाना ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की अगुवाई वाली नगर निगम बनने के बाद सफाई कर्मचारियों और कूड़ा उठाने वाले स्टाफ की संख्या कम होने के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण वार्ड में नियमित सफाई और कूड़ा उठाने का काम प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक नेताओं को एक-दूसरे को नीचा दिखाने के बजाय सीवरेज, जल निकासी, कूड़ा उठाने और सफाई जैसे जनहित से जुड़े वास्तविक मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए। लोगों को फोटो और बयानों से अधिक अपनी रोजमर्रा की समस्याओं का स्थायी समाधान चाहिए। वार्डवासियों ने संबंधित विभाग और नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि वार्ड नंबर 14 में सीवरेज तथा जल निकासी व्यवस्था की जांच करवाकर आवश्यक सुधार किए जाएं और सफाई कर्मचारियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान लोगों को जलभराव और गंदे पानी की समस्या से राहत मिल सके। अब देखना यह है कि वार्ड में चल रही राजनीतिक गतिविधियां केवल फोटो और सुर्खियों तक सीमित रहती हैं या फिर जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए भी ठोस कदम उठाए जाते हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को किया जा रहा है मजबूत : आरती सिंह राव

एमएलए होस्टल चंडीग डिस्पेंसरी तथा अंबाला एवं करनाल अस्पतालों में जल्द लगेंगी अल्ट्रासॉउन्ड मशीन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ राहुल गोयल - हरियाणा सरकार प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य सरकार ने चंडीगढ़ स्थित एमएलए हॉस्टल की डिस्पेंसरी के साथ-साथ अंबाला शहर और करनाल जिले के नागरिक अस्पतालों के लिए नई अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनें खरीदने की मंजूरी प्रदान की है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को समय पर और सटीक जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज और डायग्नोसिस के लिए महंगे निजी सेंटरों पर निर्भर न रहना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस निर्णय की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित एमएलए हॉस्टल की डिस्पेंसरी में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक उच्च श्रेणी की अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी। इस मशीन की खरीद और इसे पूरी तरह से चालू करने पर लगभग 81 लाख रुपये की लागत आएगी। एमएलए हॉस्टल की यह डिस्पेंसरी इसलिए भी खास है क्योंकि यहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, विधायक और उनके परिजनों के अलावा चंडीगढ़ में कार्यरत हरियाणा सरकार के हजारों कर्मचारी अपना इलाज करवाते हैं। डिस्पेंसरी में नई तकनीक से लैस मशीन लगने से इन सभी को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच की सुविधा अपने परिसर में ही मिल जाएगी। वीआईपी व्यवस्था के साथ-साथ आम जनमानस को राहत देने के लिए सरकार ने अंबाला शहर और करनाल जिला के नागरिक अस्पतालों में भी नई अल्ट्रासाउंड मशीनें लगाने की स्वीकृति दी है। इन दोनों प्रमुख जिला अस्पतालों में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें गर्भवती महिलाएं और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोग शामिल हैं। अक्सर सीमित संसाधनों के कारण सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को लंबी वेटिंग लिस्ट झेलनी पड़ती थी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अनुसार, जल्द ही इन दोनों स्थानों पर मशीनें स्थापित कर दी जाएंगी, जिससे स्थानीय और आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले हजारों लोगों को समय पर जांच की सुविधा मिलेगी और उनका आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय प्रदेश के हर सरकारी अस्पताल को आधुनिक उपकरणों से लैस कर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राथमिकता है।

page 4_Layout 1 08-09-2026 16:38 Page 1

श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व की बधाई वाले बोर्ड फाड़ने पर कांग्रेस नेताओं ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

डेली आवाज भारती





बटाला, (अमनदीप संधू): श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र विवाह पर्व को समर्पित समारोहों के संबंध में संगत को बधाई देने के लिए समाध रोड सहित बटाला शहर के विभिन्न इलाकों में लगाए गए बधाई बोर्डों को शरारती तत्वों द्वारा कथित तौर पर फाड़ने और नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर समूह पार्षदों, गणमान्य लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ पुलिस कप्तान बटाला से मामले की गंभीरता से जांच करवाने तथा दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है। नेताओं ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र विवाह पर्व के अवसर पर संगत को शुभकामनाएं देने के लिए लगाए गए बोर्डों को नुकसान पहुंचाना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसी हरकतों से शहर का अमन-शांति वाला माहौल प्रभावित होने के साथ-साथ आपसी भाईचारे को भी ठेस पहुंच सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि समाध रोड और अन्य स्थानों पर लगे बोर्डों को नुकसान पहुंचाने की घटना की तुरंत जांच की जाए। इसके अलावा घटना वाले स्थानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर शरारती तत्वों की पहचान की जाए तथा उनके खिलाफ बनती कानूनी धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि उन्हें बटाला पुलिस की निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कार्रवाई पर पूरा भरोसा है। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील की कि अमन-शांति और भाईचारे को कायम रखने के लिए संयम एवं सहयोग के साथ काम किया जाए। इस मौके पर पार्षद कस्तूरी लाल, पार्षद रमेश बूरा, पार्षद विक्की कश्यप, नरेंद्र सेखड़ी, सुखदेव सिंह बाजवा, जरमनजीत बाजवा, राजेश बिट्टू, प्रधान हंसा सिंह, जगजोत संधू, पूर्व सिटी प्रधान स्वर्ण मुड्डु, प्रभजिंदर सिंह बाजवा, नरेंद्र सिंह संधू, ऋषि सरीन सहित अन्य कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बलविंदर सिंह लाडी ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत श्रद्धालुओं की बस रवाना की

- पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' के तहत संगत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर रही है : बलविंदर सिंह लाडी

डेली आवाज भारती



श्री हरगोबिंदपुर साहिब, 8 सितंबर (अमनदीप संधू): श्री हरगोबिंदपुर साहिब के आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बलविंदर सिंह लाडी द्वारा 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत आज विधानसभा हलका श्री हरगोबिंदपुर साहिब के गांव खुजाला से श्री आनंदपुर साहिब के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना की गई। इस मौके पर विभिन्न गांवों के पंच, सरपंच और गणमान्य नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर बातचीत करते हुए बलविंदर सिंह लाडी ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना शुरू की गई है, जिसके माध्यम से संगत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि आज बस में यात्रा पर गए श्रद्धालुओं में काफी खुशी और उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पंजाब सरकार द्वारा किए गए इस प्रयास की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि यात्रियों के आने-जाने, रास्ते में चाय एवं भोजन तथा रात्रि ठहरने आदि का पूरा प्रबंध पंजाब सरकार द्वारा किया गया है, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और बलविंदर सिंह लाडी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के प्रयासों के चलते उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मारपीट कर जख्मी किया, मोटरसाईकिल की तौड़-फौड़ की

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करके जख्मी करने और उसके मोटरसाईकिल की तौड़-फौड़ करने वाले 4 लोगों सहित 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है।

जानकारी देते हुए थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता प्रदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी गांव नौरंगके सियाल ने बताया कि वह बीते दिन अपने मोटरसाईकिल पर घर जा रहा था तो रास्ते में पुराने झगड़े की रंजिश को लेकर दोषी पारस पुत्र लखा, मनदीप सिंह पुत्र निसाम सिंह, अकाशदीप सिंह पुत्र सलविन्द्र सिंह, वंशदीप सिंह पुत्र भूपिन्द्र सिंह उर्फ काला मिस्त्री वासी नौरंगके सियाल ने 2 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। इसके साथ दोषियों ने झगड़े के दौरान उसकी मोटरसाईकिल को भी तौड़-फौड़ दिया। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

धूरी में शानदार ड्रोन शो का सफल आयोजन

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह सहित हजारों श्रद्धालुओं ने शानदार ड्रोन शो का आनंद लिया

डेली आवाज भारती



धूरी। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित करवाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत धूरी में शानदार ड्रोन शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंची संगत ने आधुनिक तकनीक और आध्यात्मिकता के अनूठे संगम वाली इस प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया।

ड्रोन शो के दौरान 500 ड्रोन ने आकाश में विभिन्न मनमोहक आकृतियां बनाकर श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, वाणी और महान विचारधारा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

रोशनी से जगमगाते आकाश में उभरती इन आकृतियों ने संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर संगत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाएं आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी और बच्चों को गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए मानवता, समानता, मेहनत और भाईचारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि ड्रोन शो के माध्यम से संगत को श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, वाणी और विचारधारा से जोड़ने का अनूठा प्रयास किया गया है। उन्होंने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं और वाणी को लोगों तक पहुंचाने के लिए पंजाब के 92 विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे ड्रोन शो आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की महान वाणी और विचारधारा संपूर्ण मानवता को समानता, सामाजिक एकता, मेहनत और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित करवाए जा रहे कार्यक्रम गुरु साहिब की महान शिक्षाओं को घर-घर पहुंचाने और नई पीढ़ी को उनके जीवन एवं विचारधारा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास हैं। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक रंग को और गहरा करते हुए तरसेम सिंह खेतला के ढाडी जत्थे द्वारा बुलंद आवाज में वारें प्रस्तुत की गईं। ढाडी जत्थे की प्रस्तुति ने संगत को गुरु साहिब की वैचारिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जोड़ा और कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। इस अवसर पर पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों, एस.डी.एम. धूरी डॉ. इसमत विजय सिंह, वक्फ बोर्ड के सदस्य डॉ. अनवर भसौड़, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन अशोक लख्खा, फूड कमिशन के सदस्य जसबीर सिंह सेखों, जिला परिषद के चेयरमैन रछपाल सिंह भुल्लर, ब्लॉक समिति धूरी के चेयरमैन रणयोध सिंह, नगर कौंसिल धूरी की प्रधान अमरजोत कौर, जिला योजना समिति के सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला, गगन ज्वंधा, जिला योजना समिति के सदस्य नरेश सिंगला, रूबल बाजवा सहित बड़ी संख्या में धूरी निवासी और संगत उपस्थित थी।

19.17 ग्राम हेरोइन, नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 5 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19.17 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना सदर फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना ममदोट और थाना घल्लखुर्द में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के एस.आई विनोद कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अनमोल सिंह उर्फ गोरी पुत्र गगनदीप सिंह वासी बस्ती जलालाबाद को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एस.आई हरमेहताब सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गुलामी वाला के नजदीक से इंद्रजीत सिंह पुत्र मेहर सिंह वासी गांव गुलामी वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे 2.17 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्नी व 1 लाईटर, थाना ममदोट के एसआई प्रवीण कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शके अधार पर परमजीत उर्फ सुखा पुत्र शिंगारा सिंह व विजय उर्फ बगी पुत्र राज कुमार वासी ममदोट उताड़ को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8 ग्राम हैरोइन और थाना घल्लखुर्द के एएसआई विक्रमजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग केदौरान प्रिंस उर्फ वंश पुत्र सतपाल सिंह वासी सोढी नगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।19.17 ग्राम हेरोइन, नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 5 को गिरफ्तार किया

जीरा एवं मख्कू पुलिस ने 6 ग्राम हैरोइन के साथ 2 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्ता करके उनके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बहक लोहके कलां के नजदीक से शक के अदार पर साजन पुत्र गुरलाल सिंह वासी गांव रटोल बेट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना मक्खू के एएसआई सुखदेव सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी कुतबपुरा के नजदीक से रछपाल सिंह उर्फ जस्सा पुत्र खुशी राम वासी मसीता जिला कपूरथला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कररहे गगनप्रीत सिंह व सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में साजन व रछपाल पर मामलें दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर धूरी में भव्य ड्रोन शो आयोजित

500 ड्रोन ने धूरी में श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन और दर्शन को जीवंत कियाः ओएसडी सुखवीर सिंह

डेली आवाज भारती



धूरी। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया गया। रोशनी से जगमगाते धूरी के आसमान ने हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आधुनिक तकनीक, आध्यात्मिकता और गुरु साहिब की शाश्वत शिक्षाओं के अनूठे संगम ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस दौरान 500 ड्रोन ने रात के आसमान को रोशन करते हुए श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, बाणी और दर्शन को दर्शाने वाली आकर्षक आकृतियां बनाई। इस शानदार दृश्य प्रस्तुति ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और महान संत को एक यादगार श्रद्धांजलि पेश की। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ह्स्ष्ठ सुखवीर सिंह ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाएं आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए समानता, मानवता, मेहनत और भाईचारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है।

सुखवीर सिंह ने कहा कि ड्रोन शो एक नई पहल है, जिसके माध्यम से आधुनिक और आकर्षक माध्यम से युवा पीढ़ी को श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, बाणी और दर्शन से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गुरु साहिब का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व समारोह के तहत पंजाब की सभी 92 विधानसभा सीटों में इसी तरह के ड्रोन शो आयोजित किए जा रहे हैं। पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी की महान बाणी और दर्शन समानता, सामाजिक सद्भाव, श्रम की गरिमा और भाईचारे का सार्वभौमिक संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे समारोह गुरु साहिब की शिक्षाओं को हर घर तक पहुंचाने और युवा पीढ़ी को इन शाश्वत मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हैं। कार्यक्रम में भक्ति का रंग भरते हुए तरसेम सिंह खेतला के नेतृत्व में ढाडी जत्थे ने पारंपरिक वारों का प्रभावशाली गायन प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को गुरु साहिब की आध्यात्मिक और बौद्धिक विरासत से जोड़ा। इस अवसर पर पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों, जिला परिषद चेयरमैन रछपाल सिंह भुल्लर, ब्लॉक समिति धूरी के चेयरमैन रणजोध सिंह, नगर परिषद धूरी की अध्यक्ष अमरजोत कौर, जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कंजला, नरेश सिंगला, गगन जवांधा, रुबल बाजवा सहित बड़ी संख्या में धूरी निवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

सचखंड श्री पटना साहिब के दर्शनों के लिए 230 सदस्यीय जत्था रवाना

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): हलका खरड़ के गांव घटौर की संगतों को ऐतिहासिक गुरुधामों से जोड़ने की कड़ी के तहत आज 230 सदस्यीय जत्था सचखंड श्री पटना साहिब के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। जत्थे को जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल, सदस्य एस.जी.पी.सी. एवं वरिष्ठ भाजपा नेता, द्वारा रवाना किया गया।

जत्थे की रवानगी के मौके पर संगतों में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। संगतों द्वारा जयकारों की गूंज के साथ जत्थे को रवाना किया गया। सचखंड श्री पटना साहिब के दर्शनों को लेकर संगतों में विशेष उत्सुकता नजर आई। इस मौके पर जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल ने कहा कि सिख इतिहास से जुड़े पवित्र गुरुधाम हमारी महान विरासत का अनमोल हिस्सा हैं। संगतों को इन ऐतिहासिक स्थानों के दर्शन करवाना और नई पीढ़ी को अपने गौरवमयी सिख इतिहास से जोड़ना समय की अहम जरूरत है।

उन्होंने कहा कि संगतों की श्रद्धा और उत्साह यह साबित करता है कि सिख संगत अपने ऐतिहासिक गुरुधामों से दिल से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हलके की संगतों को विभिन्न ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन करवाने के लिए ऐसे प्रयास जारी रखे जाएंगे। जत्थेदार कालेवाल ने जत्थे में शामिल समूची संगत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे गुरु घर में नतमस्तक होकर इलाके, पंजाब और समूची संगत की चढ़दी कला तथा सरबत के भले के लिए अरदास करें। जत्थे की रवानगी के मौके पर बड़ी संख्या में संगतों और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर तलविंदर सिंह, पूर्व सरपंच, रणजीत सिंह, अवतार सिंह नंबरदार, सुखप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, दिलबाग सिंह, सुखजिंदर सिंह सुख्खा, गुरमीत सिंह, अंग्रेज सिंह और करम सिंह मौजूद थे।

गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19.17 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना सदर फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना ममदोट और थाना घल्लखुर्द में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के एस.आई विनोद कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अनमोल सिंह उर्फ गोरी पुत्र गगनदीप सिंह वासी बस्ती जलालाबाद को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एस.आई हरमेहताब सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दरौान गुलामी वाला के नजदीक से इंद्रजीत सिंह पुत्र मेहर सिंह वासी गांव गुलामी वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे 2.17 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्नी व 1 लाईटर, थाना ममदोट के एसआई प्रवीण कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शके अधार पर परमजीत उर्फ सुखा पुत्र शिंगारा सिंह व विजय उर्फ बगी पुत्र राज कुमार वासी ममदोट उताड़ को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8 ग्राम हैरोइन और थाना घल्लखुर्द के एएसआई विक्रमजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग केदौरान प्रिंस उर्फ वंश पुत्र सतपाल सिंह वासी सोढी नगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

महिला के खाते से अज्ञात लोगों ने 2 लाख 66 हजार निकालकर की ठगी

फिरोजपुर, 8 सितंबर (अमनदीप गिरधर)- थाना साईब्र क्राईम फिरोजपुर की पुलिस ने फिरोजपुर निवासी महिला के खीते से आन लाईन लाखों की राशि निकालकर धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता महिला के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना साईब्र क्राईम फिरोजपुर की इंस्पैक्टर सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सोनीया पत्नी सोनू वासी बस्ती बलोचा वासी नजदीक बंता सिंह की चक्की फिरोजपुर सिटी ने बताया कि उसने बीती 29 अगस्त 2026 को अपना फोन चैक किया तो उसे पता लगा है कि पंजाब नैशनल बैंक के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 67 हजार, 99 हजार व 99999 कुल 2 लाख 66099 रुपए आन लाईन ट्रांस्फर करके ठगी की है। जिसके संबंध में पीड़ित ने 1930 पर भी शिकायत दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रही सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

टैक्नीकल सर्विस यूनियन नेताओं ने सरकार की गल्त नीतियों के खिलाफ गेट रैली की



टैक्नीकल सर्विस यूनियन के पदाधिकारी गेट रैली करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब कर्मचारी व पैंशनर संयुक्त फंट व साझे मंच की तरफ से पंजाब सरकर के खिलाफ चर रहे संघर्ष के समर्थन में हिस्सा लेते हुए टैक्नीकल सर्विस यूनियन प्रदेश कमेटी के फैसले पर गेट रैली की गई। जिसमें सर्कल फिरोजपुर के बिजली कर्मचारी साथियों ने गेट रैली में हिस्सा लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारीयं ने कहा कि सरकार की तरफ से उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है और सरकार ने जब सत्ता में आना था तो बड़े-बड़े दावे किए थे, जिससे वह अब भाग रही है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने कर्मचारियों को मांगों को पूरा नहीं किया तो आने वाले चुनावों में सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने सरकार की तरफ से पास किए गए गल्त आर्डरों की कापियां भी जलाई। इस मौके पर तरसेम कुमार, चमकौर सिंह, तरसेम सिंह, लखविन्द्र सिंह, मनदीप सिंह, गुरदेव सिंह, रमनदीप सिंह सर्कल प्रधान, रवि शर्मा, कुलवंत सिंह, शाम सिंह, जगसीर सिंह सिटी डिवीजन प्रधान, रजिन्द्र सर्मा सब अर्बन डिवीजन प्रधान मौजूद थे।

व्यक्ति को अगवाह करने के आरोप में पुलिस ने 2 लोगों पर दर्ज किया मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना घल्लखुर्द की पुलिस ने एक व्यक्ति को अगवाह करके कहीं छुपाकर रखने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता अगवाह हुए व्यक्ति की पत्नी के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना घल्लखुर्द के एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता किंद्र कौर पत्नी कुलविन्द्र सिंह वासी गांव ढींडसा ने बताया कि दोषी जसवीर सिंह उर्फ नीलु पुत्र सुखदेव सिंह व इंद्रजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह वासी ढींडसा ने उसके पति कुलविन्द्र सिंह को अगवाह करके कहीं छुपाकर रखा है। जिसके चलते दोषियों के खिलाफ बनती कार्रवाई की जाए। मामलें की जांच कर रहे जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में जसवीर व इंद्रजीत पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

प्रिंसिपल श्रीमती एकता मुंजाल ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा नेल्सन मंडेला लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

डेली आवाज भारती



प्रिंसीपल श्रीमति एकता मुंजाल ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा नेल्सन मंडेला लीडरशिप अवार्ड प्राप्त करती हुई।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जे.एन एजुकेशनल सोसायटी की एम.डी और जीजस एंड मैरी कांवेंट स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती एकता मुंजाल को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में नेल्सन मंडेला लीडरशिप अवार्ड कौंसिल चैंबर्स, ऑक्सफोर्ड टाउन हॉल लंदन यूनाइटेड किंगडम में बीते दिन सम्मानित किया गया। मालूम हो कि प्रिंसिपल मैडम एकता मुंजाल इस शानदार अवार्ड और ऐतिहासिक प्रोग्राम में लंदन (इंग्लैंड) में शामिल हुई और उनकी तरफ से यह अवार्ड हासिल किया गयै। जिक्रयोग है कि यह अवार्ड उन सम्मानित हस्तियों को दिया जाता है जोकि विश्वव्यापी उद्यमों के लिए दुनिया में अकादमिक क्षेत्र और शैक्षिक ढांचे के निर्माण के लिए सामाजिक क्षेत्र में नए विचार रखते है और औद्योगिक विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते है। इस विशेष और ऐतिहासिक अवसर पर जे.एन एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन जनक राज मुंजाल, मैनेजिंग डायरेक्टर अर्जुन मुंजाल, जे.एन इंटरनेशनल स्कूल सैदेके मोहन के मैनेजमेंट मेंबर श्रीमती अंजलि चानना और प्रिंसिपल डा.रविंदर कुमार ने समूह क्षेत्रवासियों और समूह स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि विश्व स्तर की यूनिवर्सिटी द्वारा हमारे क्षेत्र की प्रिंसिपल मैडम एकता मुंजाल को इस अवार्ड के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि हमें सभी को अपनी बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही हमारे जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकती है।

CMYK

page 5_Layout 1 08-09-2026 20:47 Page 1

ब्लॉक महल कलां में 'नन्हे कदम' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई दो दिवसीय ट्रेनिंग

डेली आवाज भारती

महल कलां, (राकेश जेठी) : सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंजाब द्वारा मिशन आरंभ के तहत 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के विकास के लिए ÷नन्हे कदम÷ पायलट प्रोजेक्ट ब्लॉक महल कलां में शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रतिंदरपाल कौर धारीवाल के नेतृत्व में 07 और 08 सितंबर को ब्लॉक की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

मिशन आरंभ टीम द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ÷नन्हे कदम÷ पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सी.डी.पी.ओ. महल कलां श्री हरबंस सिंह ने प्रोजेक्ट के उद्देश्यों, महत्व और इसे प्रभावी ढंग से लागू करने संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के माता-पिता को बच्चों के



शुरुआती विकास से जोड़ना और घर-आधारित सीखने को प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ÷नन्हे कदम÷ प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल संबंधी प्रैक्टिकल डेमो भी दिया गया। उन्हें बताया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के योग्य परिवारों को क्यूआर कोड स्कैन करवाकर ÷नन्हे कदम÷ के व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ेंगी। ग्रुप में शामिल होने के बाद माता-पिता से बच्चे का पूरा नाम, जन्म तिथि और लिंग संबंधी जानकारी प्राप्त करके बच्चे का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन सफल होने के बाद माता-पिता को इसकी पुष्टि भी प्राप्त होगी। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि रजिस्ट्रेशन के बाद माता-पिता को हर रविवार व्हाट्सऐप के माध्यम से बच्चे की उम्र के अनुसार वीडियो प्राप्त होंगी। ये वीडियो बच्चे के विकास के हर चरण को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, जिनमें बच्चों के बौद्धिक, भाषाई, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास के साथ-साथ खेल-आधारित सीखने की गतिविधियों संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस तरह माता-पिता को बच्चे की उम्र और विकास संबंधी जरूरतों के अनुसार समय-समय पर वीडियो मिलती रहेंगी, ताकि वे घर में ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रत्येक वीडियो के अंत में माता-पिता के लिए एक छोटा प्रश्न भी शामिल किया जाएगा, जिसके माध्यम से वे वीडियो में दी गई जानकारी के संबंध में अपनी समझ प्रदर्शित कर सकेंगे। प्रोजेक्ट में नियमित रूप से भाग लेने वाले माता-पिता को विभाग द्वारा डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि यदि किसी परिवार में 0 से 3 वर्ष की आयु के दो बच्चे हैं तो छोटे बच्चे को प्राथमिकता के आधार पर प्रोजेक्ट से जोड़ा जाएगा। यदि परिवार में दो स्मार्टफोन उपलब्ध हैं तो दोनों बच्चों का अलग-अलग रजिस्ट्रेशन भी किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रतिंदरपाल कौर धारीवाल ने कहा कि बच्चे के जीवन के पहले तीन वर्ष उसके सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होते हैं।

फिरोजपुर मंडल में ई-निविदा से एस.एल.आर लीजिंग अनुबंध से मिलेगा 4.72 करोड़ का राजस्व

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में ई-निविदा के माध्यम से ट्रेन संख्या 12716 (सचखंड एक्सप्रेस) में एस.एल.आर. लीजिंग अनुबंध सफलतापूर्वक अलॉट किया गया है। इसके शुरू होने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। इस ट्रेन में तीन वर्षों के अनुबंध से 4.72 करोड़ का राजस्व रेलवे को प्राप्त होगा।सचखंड एक्सप्रेस में एस.एल.आर. लीजिंग के माध्यम से मंडल को पिछली वार्षिक लाइसेंस फीस की तुलना में 46 प्रतिशत से अधिक लाइसेंस फीस प्राप्त होगी। एस.एल.आर. लीजिंग व्यवस्था से रेलवे को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होता है और ट्रेनों में उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है। इसके साथ ही व्यापारियों को अपने सामान को तेजी और सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की सुविधा मिलती है। यह व्यवस्था रेलवे और व्यापारी दोनों के लिए लाभदायक साबित हो रही है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत हो रही है। ई-निविदा के माध्यम से पारदर्शी तरीके से अनुबंध अलॉट किए जाने से रेलवे की आय में बढ़ोतरी हो रही है और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल रही है।

बटाला में 'खेडां वतन पंजाब दियां' -4 के तहत ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट का शानदार आगाज

- अमृत कलसी ने युवा खिलाड़ियों से मुलाकात कर बढ़ाया हौसला, खेलों के प्रति उनके जज्बे की सराहना की

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): स्थानीय आई.टी.आई. बटाला में 'खेडां वतन पंजाब दियां 2026' के तहत ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट का शानदार आगाज हुआ। इस अवसर पर पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शेरी कलसी के भाई अमृत कलसी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी सिमरनजीत सिंह, रणजीत भगत लेक्चरर, जसविंदर कौर लेक्चरर, रमणदीप कौर लेक्चरर, अमनदीप कौर लेक्चरर, रमणदीप सिंह डी.पी.ई., परमिंदर सिंह डी.पी.ई., हरजीत कौर पी.टी.आई., हरदीप सिंह पी.टी.आई., सरबजोत कौर, मनजीत कौर, लखबीर कौर पी.टी.आई., कोच लखविंदर सिंह और सैमुअल मसीह सहित कोच एवं खिलाड़ी मौजूद थे। इस अवसर पर अमृत कलसी ने युवा खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और खेलों के प्रति उनके जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल हमारे युवाओं को नशे से दूर रखने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपनी प्रतिभा को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें पूरे जोश एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ने और राज्य को खेलों में फिर से नंबर एक बनाने की सरकार की मुहिम लगातार जारी है। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी गुरदासपुर सिमरनजीत सिंह ने बताया कि 'खेडां वतन पंजाब दियां' का चौथा सीजन 14 से लेकर 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के करीब 10 लाख खिलाड़ियों को 39 खेल प्रतियोगिताओं और चार पैरा-खेलों में भाग लेने के लिए खेल मैदान में उतारेगा। ये खेल पीढ़ियों को जोड़ने के साथ-साथ प्रदेश के गांवों और शहरों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि इन खेलों का समापन 29 नवंबर को पटियाला में होगा। विजेताओं के लिए कुल 12.50 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार रखे गए हैं।

70वें जिला स्तरीय तीर-अंदाजी टूर्नामेंट में लिटिल फ्लावर कांवेंट स्कूल गुरुहरसहाय ने किया शानदार प्रदर्शन

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): लिटिल फ्लावर कांवेंट स्कूल गुरुहरसहाय में आयोजित 70वी जिला स्तरीय तीर-अंदाजी टूर्नामेंट (2026-27) में स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 6 स्वर्ण (गोल्ड) और 4 रजत (सिल्वर) पदक अपने नाम किए है। इस टूर्नामेंट में अंडर-14 लडेों ने 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की। इसी तरह अंडर-17 लडेों ने भी 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। जबकि लड़कियों के मुकाबले में शानदार



जिला स्तरीय तीर-अंजादी टूर्नामैंट में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों के साथ स्कूल प्रबंधक खुशी जाहिर करते हुए।

निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 वर्ग में 1 स्वर्ण पदक और अंडर-17 वर्ग में 1 स्वर्ण पदक जीता गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधकों और प्रिंसिपल ने इस शानदार उपलब्धि पर खिलाडिेों के साथ-साथ उनकी कोच श्रीमती मनदीप कौर भुल्लर की कड़ी मेहनत और शानदार नेतृत्व की भरपूर सराहना की और विजयी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

डीए बकाया और पुरानी पेंशन योजना को लेकर कांग्रेस ने पंजाब सरकार पर उठाए सवाल

जालंधर। पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने राज्य सरकार पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) का बकाया भुगतान न करने और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को पूरी तरह लागू करने में देरी का आरोप लगाया है। सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नेताओं ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के सामने दो तरह की अनिश्चितता पैदा कर दी है—एक ओर अर्जित महंगाई भत्ते का बकाया है, जबकि दूसरी ओर घोषित और अधिसूचित होने के बावजूद पुरानी पेंशन योजना पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है। प्रेस वार्ता में विधायक परगट सिंह, हरदेव सिंह लाडी शेरोवालिया, सुखविंदर कोटली, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजिंदर बेरी, हलका प्रभारी राजिंदर सिंह और नवजोत सिंह दहिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पंजाब मीडिया समन्वयक ईशान त्यागी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंगद दत्ता और मोंटी सहगल शामिल थे।

पंजाब सरकार के खिलाफ टैक्नीकल सर्विस यूनियन ने रोष रैली कर की नारेबाजी

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): टेक्निकल सर्विसेज यूनियन द्वारा कर्मचारी और पेंशनर संयुक्त मोर्चा के अह्वान पर चल रहे संघर्ष के समर्थन में सब-डिवीजन गुरुहरसहाय में पंजाब सरकार के खिलाफ रोष रैली की और इस दौरान कर्मचारियों ने सब-अर्बन प्रधान सुरिंदर कुमार की अध्यक्षता में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रैली को संबोधित करते हुए राज्य सचिव शृंगार चंद ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा कर्मचारियों के साथ बार-बार बैठकें करने के बावजूद उनकी मांगों का कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री भगवंत मान कर्मचारियों के लंबित मसलों का तुरंत निपटारा करें और बकाया डी.ए तुरंत जारी करने के आदेश दें। उन्होंने कहा कि 17/7/2020 के पत्र को रद्द कर समान-काम समान-वेतन के सिद्धांत के अनुसार बिजली विभाग के स्केल लागू किए जाएं, पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए और कर्मचारियों की अन्य मांगों को पूरा किया जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान ना किया तो संयुक्त कमेटी द्वारा दी जाने वाली हर काल पर संघर्ष किया जाऐगा,जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। इस मौके पर डिवीजन नेता जसविंदर पाल, देवेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह सचिव एस/अ एस/ड गुरुहरसहाय, वाइस प्रेसिडेंट संदीप कुमार बाजेके, मंदर सिंह सब-डिवीजन सहायक सचिव सहित विभिन्न पदाधिकारी और कर्मचारी नेता उपस्थित थे।



पंजाब सरकार के खिलाफ टैक्नीकल सर्विस यूनियन पदाधिकारी रोष रैली करते हुए।

के.वी.के फिरोजपुर द्वारा सरकारी हाई स्कूल सतीएवाला में मनाया गया राष्ट्रीय पोषण माह

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के) फिरोजपुर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सरकारी हाई स्कूल सतीएवाला फिरोजपुर में छात्रों को संतुलित आहार, पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करना और पोषण संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए जागरूकता पैदा करना था। यह कार्यक्रम डा.गुरमेल सिंह संधू उप निर्देशक (प्रशिक्षण) के.वी.के फिरोजपुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने बच्चों और



के.वी.के फिरोजपुर की तरफ से सरकारी हाई स्कूल सतीएवाला में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने की तस्वीर।

किशोरों में पोषण संबंधी जागरूकता पैदा करने और स्वस्थ आहार की आदतों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर डा.दिव्या जैन सहायक प्रोफेसर (गृह विज्ञान) के.वी.के फिरोजपुर ने छात्रों को संतुलित आहार, आहार विविधता, स्थानीय रूप से उपलब्ध पौष्टिक भोजन, मौसमी फलों और सब्जियों और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किशोरावस्था के दौरान प्रोटीन, लोहे और कैल्शियम के महत्व और जंक फूड, मीठे पेय पदार्थों और अत्यधिक प्रोसेस्ड भोजन के सेवन को कम करने के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर श्रीमती प्रवीन बाला स्कूल प्रमुख ने के.वी.के फिरोजपुर के इस प्रयास की सराहना करते हुए छात्रों में छोटी उम्र से ही स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। अंत में छात्रों को संतुलित, विविध और स्थानीय रूप से उपलब्ध पौष्टिक भोजन को दैनिक आहार का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

ऑनलाईन एक लाख 99 हजार 898 रुपए की ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

- पुलिस ने शिकायतकर्ता महिला के बयान पर अज्ञात दोषी के खिलाफ की कार्रवाई

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना साईब्र क्राईम फिरोजपुर की पुलिस ने पीर बख्श मुहल्ला जीरा निवासी महिला के साथ लाखों रुपए की आन लाईन ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता महिला के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना साईब्र क्राईम फिरोजपुर के एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सीमा रानी अरोड़ा पत्नी राकेश कुमार वासी पीर बख्श मुहल्ला जीरा ने बताया कि उसने कुछ समय पहले मंतरा से सामान मंगवाया था और सामान सही ना होने के कारण उसने सामान की रिर्टन डाली थी। जिसके सामान लेने के लिए 27 अगस्त 2026 को डिलीवरी वाले लडेे ने आना था तो उसने गुगल पर कस्टमर केयर का नंबर 09907529372 लेकर काल की थी और उक्त नंबर पर व्यक्ति ने उसे कहा कि उसका एड्रेस अपडेट नहीं है। जिस पर उसने पीड़ित के मोबाईल पर लिंक सैंड किया और उसने अपनी सारी जानकारी उक्त लिंक में भर दी तो अज्ञात व्यक्ति ने उसके बाद उसके अधार कार्ड के अंतिम 4 नंबर बताने के लिए कहा ति उसे शक हुआ और पीड़ित ने अपना मोबाईल फोन बंद कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद जब उसने 30 अगस्त को अपना खाता स्टेट बैंक आफ इंडिया को चैक किया तो उसमें से 1 लाख 99 हजार 898 रुपए आन लाईन निकल चुके थे। पीड़ित ने बताया कि इसकी शिकायत उसने 1930 हैल्प लाईन पर भी की है। मामले की जांच कर रहे जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में सीमा रानी के बयान पर अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

'प्रोजेक्ट जीवनजोत 2.0' के तहत हंडियाया में बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए विशेष अभियान

- बच्चों को भीख मांगने, बाल मजदूरी और हर तरह के शोषण से बचाना अभियान का मुख्य उद्देश्य

डेली आवाज भारती

बर्नाला, (राकेश जेठी) : सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब के दिशा-निर्देशों के अनुसार बर्नाला जिले को 'चाइल्ड बैगिंग मुक्त' बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत माननीय डिप्टी कमिश्नर बर्नाला श्री हरप्रीत सिंह के दिशा-निर्देशों और 'प्रोजेक्ट जीवनजोत 2.0' के अंतर्गत, जिला बाल सुरक्षा अधिकारी श्रीमती गुरजीत कौर के नेतृत्व में जिला बाल सुरक्षा यूनिट बर्नाला द्वारा हंडियाया में पुलिस प्रशासन के सहयोग से बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए एक विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया।



इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भीख मांगने, बाल मजदूरी और हर तरह के शोषण से बचाना है। इस मुहिम के दौरान बचाव टीम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों, विशेष रूप से स्लम एरिया में विशेष रूप से चेकिंग की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों से भीख मंगवाना एक कानूनी अपराध है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनता से अपील की गई है कि यदि कहीं भी कोई बच्चा भीख मांगता दिखाई दे तो तुरंत चाइल्डलाइन नंबर 1098 या संबंधित विभाग को सूचित किया जाए, ताकि बच्चों का बचाव करके उन्हें सुरक्षित और सुनहरा भविष्य प्रदान किया जा सके। इस विशेष अभियान के दौरान जिला बाल सुरक्षा कार्यालय बर्नाला से श्री बलविंदर सिंह धलेवां, पुलिस विभाग की ओर से एएसआई तरसेम सिंह और हेड कांस्टेबल अमनदीप कौर तथा शिक्षा विभाग की ओर से श्री कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

फलदार पौधों की फल बगीची की स्थापना संबंधी जागरूकता कैंप

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): गांव शंकरपुरा, ब्लॉक बटाला, जिला गुरदासपुर में फलदार पौधों की रोपाई एवं फल पोषण बगीची की स्थापना संबंधी जागरूकता कैंप लगाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक ढंग से बागवानी की स्थापना, फलदार पौधों की उचित देखभाल, कृषि विविधता तथा फल पोषण बगीचियों के आर्थिक एवं पोषण संबंधी लाभों के बारे में जागरूक करना था। कैंप में लगभग 35 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। डॉ. सर्वप्रिय सिंह, डी.ई.एस., फल विज्ञान, ने फलों के बागों की वैज्ञानिक योजना, खाका तैयार करने और प्रबंधन संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फलदार फसलों का चयन मिट्टी के प्रकार, मौसम की स्थिति, सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता और मंडी की मांग के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री के उपयोग, उचित पौध दूरी बनाए रखने, उपयुक्त



बगीचा खाका तैयार करने, सही रोपाई समय चुनने तथा अनुशंसित सिंचाई, पोषक तत्व प्रबंधन और पौध सुरक्षा प्रथाओं का पालन करने के महत्व के बारे में भी बताया। किसानों को सलाह दी गई कि वे बगीचे से संबंधित कार्यों और खर्चों का उचित रिकॉर्ड रखें, ताकि उत्पादन लागत का मूल्यांकन करके बगीचे की लाभप्रदता निर्धारित की जा सके। डॉ. नवदीप सिंह, बागवानी विकास अधिकारी, गुरदासपुर ने किसानों को बागवानी विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उपयुक्त बागवानी विकास कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि ऐसी पहल बगीचों की स्थापना, विस्तार तथा उन्नत तकनीकों को अपनाने में सहायता कर सकती हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि किसी भी योजना के लिए आवेदन करने से पहले पात्रता मापदंड, वित्तीय सहायता, आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया संबंधी नवीनतम जानकारी के लिए संबंधित बागवानी अधिकारियों से संपर्क करें। डॉ. नरेंद्र दीप सिंह, डी.ई.एस., वरिष्ठतम, ने फलों की खेती और फल पोषण बगीचियों के आर्थिक एवं पोषण संबंधी महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उचित ढंग से योजनाबद्ध फल पोषण बगीची कृषि परिवारों को वर्षभर ताजे, सुरक्षित और पौष्टिक फल उपलब्ध करवा सकती है। इससे घर में फल खरीदने पर होने वाला खर्च भी कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उचित फसल चयन, उपलब्ध कृषि संसाधनों का कुशल उपयोग, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, समझदारी से सिंचाई तथा समय पर वैज्ञानिक प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर अनावश्यक खर्चों को कम किया जा सकता है और खेती की लाभप्रदता में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को यह भी प्रोत्साहित किया कि वे अपने मौजूदा कृषि प्रबंधन और पारिवारिक जरूरतों के अनुसार फलदार पौधों का चयन करें। विचार-विमर्श के दौरान किसानों ने फलदार फसलों के चयन, पौधों की दूरी, सिंचाई समय-सारणी, पोषक तत्व प्रबंधन, पौध सुरक्षा, संभावित आमदनी और फलों की खेती की आर्थिकता से संबंधित सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने किसानों के सवालों के जवाब दिए और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। किसानों को विविधतापूर्ण, वैज्ञानिक और संसाधन-कुशल बागवानी प्रथाएं अपनाने तथा अपनी क्षमता और अनुभव के अनुसार पहले छोटे स्तर पर फलदार पौधों की रोपाई शुरू करके धीरे-धीरे इसका विस्तार करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नरेंद्र दीप सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया और भाग लेने वाले किसानों, प्रगतिशील किसानों तथा स्रोत व्यक्तियों का उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद किया। लगभग 35 किसानों की सक्रिय भागीदारी ने क्षेत्र में फलों की खेती, बगीचों के विकास और फल पोषण बगीचियों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाया।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 08-09-2026 17:44 Page 1

ऑटोमोबाइल गैजेट्स

सितंबर में किआ कारों पर बड़ी छूट

1.20 लाख रुपये सस्ती हुई कैरेंस क्लैविस

किआ ने सितंबर 2026 में अपनी कई कारों और एमपीवी पर आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। कंपनी की ओर से ग्राहकों को नकद छूट, एक्सचेंज लाभ, पुरानी गाड़ी को कबाड़ में देने पर मिलने वाला लाभ, लॉयल्टी बोनस और कॉर्पोरेट छूट जैसे फायदे दिए जा रहे हैं। इस महीने सबसे ज्यादा लाभ किआ कार्निवल और किआ कैरेंस क्लैविस खरीदने वाले ग्राहकों को मिल सकता है। किआ के ये ऑफर 1 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक लागू हैं। हालांकि, अलग-अलग शहरों, वेरिएंट और डीलर के अनुसार छूट में अंतर हो सकता है। इसलिए वाहन खरीदने से पहले स्थानीय किआ डीलर से ऑफर और उपलब्धता की जानकारी लेना जरूरी होगा। किआ कार्निवल पर 1.50 लाख रुपये तक का लाभ किआ की प्रमुख एमपीवी कार्निवल पर सितंबर में सबसे अधिक 1.50 लाख रुपये तक के लाभ दिए जा रहे हैं। यह ऑफर केवल 2026 मॉडल वर्ष की किआ कार्निवल पर लागू है। इसमें 1 लाख रुपये तक का एक्सचेंज लाभ और 50,000 रुपये तक की कॉर्पोरेट छूट शामिल है। भारतीय बाजार में किआ कार्निवल फिलहाल एक ही वेरिएंट में उपलब्ध है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत 59.65 लाख रुपये है। कैरेंस क्लैविस पर 1.20 लाख रुपये तक की छूट सितंबर में किआ कैरेंस क्लैविस पर भी ग्राहकों के लिए बड़ी बचत का अवसर है। 2025 मॉडल वर्ष की कैरेंस क्लैविस के चुनिंदा पेट्रोल और डीजल वेरिएंट पर कुल 1.20 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। इन वेरिएंट पर 70,000 रुपये तक की नकद छूट और 20,000 रुपये का लॉयल्टी लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहक 30,000 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ या 20,000 रुपये तक का स्क्रैपेज लाभ भी ले सकते हैं। इन सभी लाभों को मिलाकर कुल फायदा 1.20 लाख रुपये तक पहुंच सकता है। वहीं 2026 मॉडल वर्ष की कैरेंस क्लैविस के चुनिंदा वेरिएंट पर 65,000 रुपये तक के लाभ उपलब्ध हैं। इसमें 10,000 रुपये की नकद छूट, 20,000 रुपये का लॉयल्टी लाभ और 30,000 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ शामिल है। पुराने वाहन को स्क्रैप कराने पर 20,000 रुपये तक का लाभ भी मिल सकता है। किआ कैरेंस क्लैविस की एक्स-शोरूम कीमत 11.39 लाख रुपये से शुरू होकर 20 लाख रुपये तक जाती है।

कैरेंस क्लैविस श्रृङ्ख पर 55,000 रुपये तक का फायदा किआ कैरेंस क्लैविस श्रृङ्ख खरीदने वाले ग्राहकों के लिए भी सितंबर में कई लाभ उपलब्ध हैं। 2026 मॉडल वर्ष की इस श्रृङ्ख कार पर कुल 55,000 रुपये तक का फायदा दिया जा रहा है। इसमें 20,000 रुपये का लॉयल्टी बोनस, 15,000 रुपये तक की कॉर्पोरेट छूट और 20,000 रुपये तक का एक्सचेंज या स्क्रैपेज लाभ शामिल है। किआ कैरेंस क्लैविस श्रृङ्ख की एक्स-शोरूम कीमत 18.04 लाख रुपये से 25 लाख रुपये के बीच है।

किआ सोनेट पर 50,000 रुपये तक की बचत

किआ सोनेट के 2026 मॉडल वर्ष पर सितंबर में कुल 50,000 रुपये तक के लाभ दिए जा रहे हैं। अलग-अलग वेरिएंट के आधार पर ग्राहकों को 15,000 रुपये तक की नकद छूट और 15,000 रुपये तक की कॉर्पोरेट छूट मिल सकती है।

इसके अलावा 20,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ या 15,000 रुपये तक का स्क्रैपेज लाभ भी उपलब्ध है। किआ सोनेट की एक्स-शोरूम कीमत फिलहाल 7.41 लाख रुपये से शुरू होकर 13.80 लाख रुपये तक जाती है। किआ सिरोस पर 35,000 रुपये तक का लाभ किआ सिरोस के 2026 मॉडल वर्ष के पेट्रोल और डीजल वेरिएंट खरीदने वाले ग्राहकों को सितंबर में 35,000 रुपये तक का फायदा मिल सकता है। इसमें 15,000 रुपये तक की कॉर्पोरेट छूट शामिल है। इसके अलावा ग्राहक 20,000 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ या स्क्रैपेज लाभ चुन सकते हैं। किआ सिरोस की ङ्कष्टश्च रेंज की एक्स-शोरूम कीमत 8.42 लाख रुपये से शुरू होकर 15 लाख रुपये तक जाती है। किआ कैरेंस पर भी मिल रहा ऑफर किआ कैरेंस के गैर-ष्टह्लन्न 2026 मॉडल वर्ष पर भी सितंबर में 35,000 रुपये तक का लाभ उपलब्ध है। इसमें 15,000 रुपये तक की कॉर्पोरेट छूट दी जा रही है। इसके साथ ग्राहकों को 20,000 रुपये तक का स्क्रैपेज लाभ या 10,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ मिल सकता है। किआ कैरेंस फिलहाल एक वेरिएंट में उपलब्ध है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11.12 लाख रुपये है।

सितंबर में कार खरीदने वालों के लिए मौका

सितंबर 2026 में किआ की ओर से कैरेंस क्लैविस और कार्निवल पर सबसे बड़े लाभ दिए जा रहे हैं। खासतौर पर पुराने मॉडल वर्ष के वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को अधिक छूट मिल सकती है। हालांकि, सभी लाभों की राशि ग्राहक की पात्रता, चुने गए वेरिएंट, वाहन की उपलब्धता और शहर के अनुसार अलग-अलग हो सकती है।



सिंपल एनर्जी 8 महीनों में 10 हजार से ज्यादा स्कूटर बिके, नई WAVE से बढ़ेंगी उम्मीदें

बेंगलुरु की इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माता सिंपल एनर्जी ने वर्ष 2026 में बिक्री के मामले में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने जनवरी से अगस्त 2026 के बीच 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री दर्ज की है। वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में कंपनी ने कुल 10,429 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 203 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है, जब कंपनी ने हाल ही में अपना सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर Wave पेश किया है। सिंपल एनर्जी को उम्मीद है कि नया स्कूटर कंपनी की बिक्री को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। 2025 के मुकाबले बिक्री में 203 प्रतिशत की बढ़ोतरी

सिंपल एनर्जी ने जनवरी से अगस्त 2025 के दौरान 3,436 इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री की थी। वहीं, 2026 की समान अवधि में यह संख्या बढ़कर 10,429 यूनिट्स तक पहुंच गई। इस तरह कंपनी ने सालाना आधार पर 203 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने वर्ष 2023 में बिक्री शुरू करने के बाद से अब तक कुल 18,556 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे हैं। वर्ष 2023 में कंपनी की बिक्री केवल 66 यूनिट्स रही थी। इसके बाद 2024 में बिक्री बढ़कर 1,433 यूनिट्स तक पहुंची, जबकि 2025 में कंपनी ने 6,628 स्कूटर की बिक्री दर्ज की थी।



फरवरी से लगातार शीर्ष 10 में शामिल

सिंपल एनर्जी के लिए वर्ष 2026 बिक्री के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा है। कंपनी फरवरी 2026 में पहली बार भारत की शीर्ष 10 इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियों की सूची में शामिल हुई थी। इसके बाद से कंपनी लगातार नौवें स्थान पर बनी हुई है। कंपनी के लिए अब तक मार्च 2026 सबसे मजबूत मासिक बिक्री वाला महीना रहा है। इस दौरान सिंपल एनर्जी ने 1,780 यूनिट्स की खुदरा बिक्री दर्ज की थी।

Wave बनेगा कंपनी का नया बड़ा दांव

सिंपल एनर्जी ने हाल ही में Wave इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है, जिसे कंपनी के अब तक के सबसे किफायती मॉडल के रूप में पेश किया गया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1.10 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी ने Wave को मुख्य रूप से पारिवारिक उपयोग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। जहां स्द्धद्वश्चद्यद्व ह्वद्बद्व को प्रदर्शन केंद्रित इलेक्ट्रिक स्कूटर के रूप में जाना जाता है, वहीं Wave को रोजमर्रा के इस्तेमाल, आराम और व्यावहारिकता पर अधिक ध्यान देते हुए पेश किया गया है। चार वेरिएंट और अलग-अलग बैटरी विकल्प

Wave इलेक्ट्रिक स्कूटर को कुल चार वेरिएंट में पेश किया गया है, जिनमें बैटरी क्षमता और रेंज के अनुसार अंतर है। बेस Wave स वेरिएंट में 2.2 kWh बैटरी के साथ 110 किलोमीटर की IDC रेंज दी गई है। इसी वेरिएंट का 2.7 kWh बैटरी विकल्प 132 किलोमीटर की IDC रेंज के साथ उपलब्ध होगा। इसके ऊपर Wave वेरिएंट में 3.7 kWh बैटरी दी गई है, जिसकी IDC रेंज 171 किलोमीटर बताई गई है। सबसे ऊपर Wave+ वेरिएंट में 5 kWh बैटरी पैक मिलेगा और कंपनी के अनुसार यह 243 किलोमीटर तक की IDC रेंज देगा। कंपनी का दावा है कि यह रेंज अपने सेगमेंट में सबसे अधिक है।

Wave की डिलीवरी 25 सितंबर से शुरू किए जाने की घोषणा की गई है।

पारिवारिक इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में बढ़ेगी चुनौती

सिंपल एनर्जी Wave के जरिए पारिवारिक इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करना चाहती है। इस सेगमेंट में पहले से कई बड़े ब्रांड सक्रिय हैं और ग्राहकों के पास अनेक विकल्प मौजूद हैं। Wave की अपेक्षाकृत कम शुरुआती कीमत और रोजाना इस्तेमाल पर केंद्रित डिजाइन के जरिए कंपनी अधिक व्यापक ग्राहक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि नया स्कूटर कंपनी की बिक्री में कितना योगदान देता है।

रॉयल एनफील्ड हिमालयन 440 लॉन्च

दमदार इंजन और 21 इंच का फ्रंट व्हील



रॉयल एनफील्ड ने अपनी नई एडवेंचर मोटरसाइकिल हिमालयन 440 को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे लद्दाख में आयोजित हिमालयन बेसकैंप कार्यक्रम के दौरान पेश किया। नई मोटरसाइकिल की कीमत 2.29 लाख रुपये एक्स-शोरूम, चेन्नई रखी गई है। हिमालयन 440 को पुराने हिमालयन 411 के मुकाबले अधिक शक्तिशाली इंजन, नए उपकरणों और ऑफ-रोडिंग के अनुकूल बदलावों के साथ उतारा गया है। नई हिमालयन 440 में स्क्रैम 440 वाला इंजन और गियरबॉक्स इस्तेमाल किया गया है, लेकिन इसके व्हील, सस्पेंशन और रंग विकल्प इसे स्क्रैम से अलग बनाते हैं। कंपनी ने इस बाइक की बुकिंग देशभर के अपने शोरूम और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से शुरू कर दी है।

440CC इंजन के साथ बढ़ी ताकत

रॉयल एनफील्ड हिमालयन 440 में स्क्रैम 440 वाला इंजन दिया गया है, जो 25.4 एचपी की पावर और 34 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। यह हिमालयन 411 के मुकाबले 1.4 एचपी अधिक पावर और 2 एनएम ज्यादा टॉर्क देता है। कंपनी के अनुसार, इंजन की ताकत को बेहतर बनाने के लिए बोर में 3 मिमी की बढ़ोतरी की गई है। नया इंजन कम आरपीएम पर भी बेहतर टॉर्क उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है। इंजन का लगभग 90 प्रतिशत टॉर्क 2,800 आरपीएम से मिलना शुरू हो जाता है, जिससे कम और मध्यम गति पर बाइक चलाना आसान हो सकता है।

6-स्पीड गियरबॉक्स और 15 लीटर का फ्यूल टैंक

नई हिमालयन 440 में 6-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है। इसके साथ 15 लीटर की क्षमता वाला फ्यूल टैंक मिलता है। लंबी दूरी की यात्रा और हाईवे राइडिंग को ध्यान में रखते हुए यह संयोजन उपयोगी साबित हो सकता है। हालांकि, बाइक में स्लिपर क्लच नहीं दिया गया है। ब्रेकिंग सिस्टम में आगे 300 मिमी डिस्क और पीछे 240 मिमी डिस्क ब्रेक दिया गया है। मोटरसाइकिल में डुअल-चैनल एबीएस स्टैंडर्ड तौर पर मिलता है और जरूरत पड़ने पर रियर एबीएस को बंद भी किया जा सकता है, जिससे ऑफ-रोड परिस्थितियों में बेहतर नियंत्रण मिल सकता है।

नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और नेविगेशन

हिमालयन 440 में नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो पुराने हिमालयन 411 के मुकाबले अलग डिजाइन में आता है। इसमें ट्विन-पॉड लेआउट मिलता है। बाईं ओर स्पीडोमीटर दिया गया है, जबकि दूसरी तरफ ट्रिपर नेविगेशन पॉड मौजूद है, जिसमें गूगल मैप्स आधारित नेविगेशन की सुविधा मिलती है। मोटरसाइकिल में एलईडी हेडलाइट और अन्य नियंत्रण स्विच स्क्रैम 440 जैसे ही हैं। हालांकि, हिमालयन 440 में यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट दिया गया है, जो स्क्रैम 440 में मिलने वाले यूएसबी टाइप-ए पोर्ट की तुलना में नया है। 21 इंच का फ्रंट व्हील, ऑफ-रोडिंग पर खास फोकस नई हिमालयन 440 और स्क्रैम 440 के बीच सबसे बड़ा अंतर इसके व्हील और सस्पेंशन सेटअप में देखने को मिलता है। हिमालयन 440 में 21 इंच का फ्रंट व्हील दिया गया है, जबकि स्क्रैम 440 में 19 इंच का अगला पहिया मिलता है। पीछे की तरफ 17 इंच का व्हील दिया गया है। रॉयल एनफील्ड ने हिमालयन 440 में अलॉय व्हील का विकल्प नहीं दिया है। इसे ऑफ-रोडिंग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। फिलहाल इस बाइक में ट्यूबलेस टायर भी नहीं दिए गए हैं।

ज्यादा सस्पेंशन ट्रैवल के साथ बेहतर ऑफ-रोड क्षमता

हिमालयन 440 के फ्रंट सस्पेंशन में 200 मिमी का ट्रैवल मिलता है, जो स्क्रैम 440 के 190 मिमी से 10 मिमी ज्यादा है। यह पुराने हिमालयन 411 के बराबर है। पीछे की तरफ 180 मिमी सस्पेंशन ट्रैवल दिया गया है और इसमें लिंक्ड मोनोशॉक सेटअप मिलता है। स्क्रैम 440 की तुलना में हिमालयन 440 की सीट की ऊंचाई केवल 5 मिमी बढ़ी है। हालांकि, इसका वजन बढ़कर 199 किलोग्राम हो गया है, जो स्क्रैम 440 से 12 किलोग्राम अधिक है। तीन नए रंगों में मिलेगी बाइक रॉयल एनफील्ड ने हिमालयन 440 को तीन अलग-अलग रंगों में पेश किया है। इनमें मस्टैंग ब्राउन, नेला व्हाइट और सेला ब्लैक शामिल हैं। तीनों रंगों के लिए कीमत एक समान रखी गई है।

सैमसंग इंडिया ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस में की छंटनी

सैमसंग इंडिया ने टेलीविजन और होम एप्लायंसेज बिजनेस में छंटनी की है। इसकी वजह कंपनी की बढ़ती लागत, कम होती मांग और संस्थागत पुनर्गठन के बीच लागत कम करने की कोशिश है। यह जानकारी कई रिपोर्ट्स में दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्मचारियों की संख्या में कटौती का असर अलग-अलग लेवल के कर्मचारियों पर पड़ रहा है, जिनमें डायरेक्टर, टीम लीडर, ब्रांच मैनेजर और एरिया मैनेजर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, यह छंटनी कई चरणों में की जा रही है और पिछले कुछ दिनों में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लेटर जारी किए गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ कर्मचारियों से कहा गया है कि वे बिना नोटिस पीरियड पूरा किए तुरंत नौकरी छोड़ दें।

संपर्क करने पर सैमसंग ने ऐसी रिपोर्ट्स पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

इसके अलावा, सैमसंग प्रभावित कर्मचारियों को एक सेवरेंस पैकेज दे रहा है, जिसमें तीन महीने की सैलरी और नौकरी के हर पूरे साल के लिए एक महीने की अतिरिक्त सैलरी शामिल है।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां कम मांग और बढ़ती लागत से जूझ रही हैं।

साथ ही, रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेमोरी चिप की ऊंची कीमतें, कच्चे माल की बढ़ती लागत और भारतीय रुपये की कीमत में गिरावट जैसे कारणों से ऑपरेटिंग खर्च बढ़ गए हैं।

इसके अलावा, भारत में स्मार्टफोन शिपमेंट में सालाना आधार पर लगभग 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

इसी तरह, कुछ इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि 2026 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत की गिरावट आएगी, हालांकि दूसरी छमाही में पहली छमाही के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है क्योंकि त्योहारी सीजन की मांग से कुछ सहारा मिलेगा।



सैमसंग ने अपनी टेलीविजन और होम अप्लायंस सेल्स टीमों को एक साथ लाने की योजना भी बनाई थी, हालांकि खबरों के मुताबिक इस कदम को दिसंबर तिमाही तक टाल दिया गया है।

सैमसंग इंडिया ने वित्त वर्ष 25 में 1.1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की आय और 11,287 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया।

इसके अतिरिक्त, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 2026 के आखिर तक ग्लोबल फोल्डेबल स्मार्टफोन शिपमेंट के कुल 100 मिलियन यूनिट्स से ज्यादा होने की उम्मीद है। यह इस कैटेगरी के लिए एक बड़ा माइलस्टोन है, क्योंकि पहला कमर्शियली उपलब्ध फोल्डेबल फोन आठ साल पहले लॉन्च हुआ था।

रियलमी 16प्रो 5जी हैरी पॉटर एडिशन का हुआ ऐलान, टेक और पॉप-कल्चर का खास मेल

स्मार्टफोन ब्रांड अब उत्पादों को उपभोक्ताओं की संस्कृति, मनोरंजन और फैनडम से जोड़ने के लिए केवल स्पेसिफिकेशन और हार्डवेयर अपग्रेड तक सीमित नहीं रह गए हैं। लिमिटेड-एडिशन डिजाइन से लेकर वैश्विक मनोरंजन फ्रेंचाइजी के साथ साझेदारी तक, ये सहयोग ब्रांड्स को परिचित डिवाइस को अलग और अधिक व्यक्तिगत बनाने का एक और तरीका दे रहे हैं। जैसे-जैसे अलग-अलग प्राइस सेगमेंट में स्मार्टफोन के फीचर्स एक-दूसरे से अधिक मिलते-जुलते जा रहे हैं, स्पेशल-एडिशन डिवाइस कंपनियों के लिए उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव बनाने का माध्यम बन रहे हैं। इसके तहत रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों में परिचित सांस्कृतिक और मनोरंजन से जुड़े ब्रांडों को शामिल किया जाता है। इस ट्रेंड के तहत स्मार्टफोन निर्माता मनोरंजन फ्रेंचाइजी, ऑटोमोबाइल ब्रांड्स, स्पोर्ट्स टीमों, लाइफस्टाइल कंपनियों और लोकप्रिय कंज्यूमर ब्रांड्स के साथ साझेदारी कर रहे हैं। ये साझेदारियां अकसर केवल डिवाइस पर लोगो लगाने या उसका बाहरी डिजाइन बदलने तक सीमित नहीं रहतीं। इनमें पैकेजिंग, एक्सेसरीज, वॉलपेपर, सॉफ्टवेयर इंटरफेस, चार्जिंग एनिमेशन, साउंड और यूजर एक्सपीरियंस के अन्य हिस्सों में भी सहयोग की झलक दिखाई देती है। रियलमी उन स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल रहा है, जिसने इस क्षेत्र में लगातार प्रयोग किए हैं और टेक्नोलॉजी को पॉपुलर कल्चर व एंटरटेनमेंट से जोड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने कोका-कोला, नारुतो, थॉर और गेम ऑफ थ्रोन्स जैसी फ्रेंचाइजी और ब्रांड्स से जुड़े स्पेशल एडिशन पेश किए हैं। इसके अलावा कंपनी ने मोटरस्पोर्ट की दुनिया से जुड़े सहयोग भी किए हैं। रियलमी 10 प्रो 5जी कोका-कोला एडिशन में लाल और काले रंग के डिजाइन के साथ स्मार्टफोन में कोका-कोला की पहचान को शामिल किया गया था। इसमें कस्टमाइज्ड सॉफ्टवेयर एलिमेंट्स, चार्जिंग इफेक्ट्स, साउंड और थीम वाली पैकेजिंग दी गई थी। वहीं रियलमी जीटी एनईओ 3 नारुतो एडिशन में डिवाइस के डिजाइन, पैकेजिंग, एक्सेसरीज और सॉफ्टवेयर में नारुतो यूनिवर्स से जुड़े संदर्भ शामिल किए गए थे। कंपनी ने मनोरंजन से जुड़ी फ्रेंचाइजी के साथ भी सहयोग किया है। थॉर- लव एंड थंडर लिमिटेड एडिशन में फिल्म से प्रेरित पैकेजिंग, कलेक्टिबल्स, वॉलपेपर और एक्सेसरीज दी गई थीं। वहीं, रियलमी 15 प्रो 5जी गेम ऑफ थ्रोन्स लिमिटेड एडिशन में हाउस टार्गेरियन से प्रेरित डिजाइन एलिमेंट्स, थीम वाला यूजर इंटरफेस और कलेक्टिबल्स शामिल किए गए थे। मनोरंजन के अलावा, रियलमी ने अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में एस्टन मार्टिन अरामको एफ1 टीम के साथ भी साझेदारी की है। इसमें रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन और रियलमी जीटी8 प्रो ड्रीम एडिशन शामिल हैं। इन डिवाइस में रेसिंग टीम की पहचान को खास डिजाइन और ब्रांडिंग के जरिए शामिल किया गया है।

इसी पृष्ठभूमि में रियलमी ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ग्लोबल कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ अपने नए पॉप-कल्चर सहयोग की घोषणा की है। यह सहयोग रियलमी 16 प्रो 5जी हैरी पॉटर एडिशन के लिए किया गया है। रियलमी 15 प्रो गेम ऑफ थ्रोन्स लिमिटेड एडिशन के बाद यह रियलमी और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के बीच दूसरी साझेदारी है। हैरी पॉटर यूनिवर्स पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से वैश्विक लोकप्रिय संस्कृति का एक प्रमुख हिस्सा बना हुआ है। किताबों, फिल्मों, गेम्स, स्टेज प्रोडक्शंस, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और इमर्सिव एक्सपीरियंस के जरिए इसने कई पीढ़ियों के प्रशंसकों का एक बड़ा समुदाय तैयार किया है। यह नई साझेदारी जादुई दुनिया के तत्वों को रोजमर्रा की टेक्नोलॉजी में लेकर आती है और फ्रेंचाइजी की पहचान को रियलमी के स्मार्टफोन डिजाइन के साथ जोड़ती है। रियलमी 16 प्रो हैरी पॉटर एडिशन में हैरी पॉटर यूनिवर्स के प्रतिष्ठित तत्वों से प्रेरित डिजाइन दिया गया है, जबकि इसमें रियलमी की आधुनिक डिजाइन भाषा को बरकरार रखा गया है। दोनों कंपनियों ने इस एडिशन के लिए एक विशेष को-ब्रांडेड लोगो भी तैयार किया है। यह साझेदारी रियलमी की व्यापक ५मेक इट रियल५ ब्रांड फिलॉसफी के अनुरूप भी है। कंपनी का फोकस युवा उपभोक्ताओं पर है और वह ऐसे उत्पाद तैयार करने की कोशिश कर रही है जो केवल कार्यक्षमता तक सीमित न हों। रियलमी के अनुसार, उसके वैश्विक समुदाय में 30 करोड़ से अधिक यूजर्स हैं और कंपनी टेक्नोलॉजी को क्रिएटिव स्टोरीटेलिंग के साथ जोड़ने वाली साझेदारियों के जरिए अपने क्रॉसओवर पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है। यह नया एडिशन मनोरंजन, लाइफस्टाइल और पॉपुलर कल्चर के इर्द-गिर्द विकसित किए गए रियलमी के स्मार्टफोन पोर्टफोलियो का और विस्तार करता है। साथ ही, यह कंपनी के वैश्विक फैन बेस के लिए हैरी पॉटर यूनिवर्स को रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले एक टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट में लेकर आता है।



page 7_Layout 1 08-09-2026 20:58 Page 1

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे राष्ट्रपति पुतिन, पीएम मोदी से करेंगे द्विपक्षीय बैठक : रूस

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात तय है।
क्रेमलिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुक्रवार को होने वाली द्विपक्षीय बैठक की पुष्टि करते हुए भारत को रूस का ÷रणनीतिक साझेदार÷ बताया है। रूसी राष्ट्रपति के दिल्ली पहुंचने से पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता और राष्ट्रपति पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को मीडिया से वर्चुअल बातचीत की। उनके बयानों में भारत-रूस रिश्तों की गर्माहट के साथ-साथ बदलती वैश्विक व्यवस्था की झलक भी दिखाई दी। पेस्कोव ने कहा, ÷दोनों देशों के बीच आपसी संपर्क बहुत अहम होंगे, खासकर प्रधानमंत्री



मोदी के साथ बैठक। जैसा कि आप जानते हैं, भारत और रूस के नेताओं के बीच बहुत करीबी संबंध हैं। उनके संबंध बहुत व्यावहारिक हैं और वे एक-दूसरे के साथ इतने ईमानदार हैं कि वैश्विक एजेंडे और हमारे आपसी संबंधों से जुड़े सबसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत खुले और रचनात्मक तरीके से चर्चा कर सकते हैं। यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है जब दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ने, पश्चिमी प्रतिबंधों और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे कई बड़े सवालों से जूझ रही है।

ब्रिक्स की अहमियत पर पेस्कोव ने प्रकाश डालते हुए कहा,÷ मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि ब्रिक्स कोई संगठन नहीं है; यह एक क्लब है। हमारे पास कोई चार्टर, नियम या स्थायी कार्यालय नहीं है। बल्कि, यह उन देशों का एक क्लब है जो इस बात पर एक जैसी सोच रखते हैं कि दुनिया में काम कैसे होने चाहिए और अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग कैसे किया जाना चाहिए। उन्होंने ब्रिक्स के तीन प्रमुख स्तंभों का जिक्र करते हुए कहा, ÷रूस ब्रिक्स सहयोग के तीन मुख्य स्तंभों - राजनीति और सुरक्षा; अर्थव्यवस्था और वित्त; और सांस्कृतिक व मानवीय संपर्क - के और विकास में योगदान देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बेशक, हमारी अपनी कई पहल हैं जिन्हें हम इस समूह के भीतर बढ़ावा दे रहे हैं। हम ब्रिक्स के भीतर सहयोग के अलग-अलग तरीकों में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने के विचार का समर्थन करते हैं। पार्टनर कंट्री के कॉन्सेप्ट की प्रशंसा करते हुए पेस्कोव बोले, ÷ 2024 में, पार्टनर देशों की एक नई श्रेणी - %ब्रिक्स पार्टनर कंट्री% श्रेणी - बनाई गई थी, और अब यह बहुत अच्छी तरह से विकसित हो रही है। बेलारूस, बोलीविया, वियतनाम, कजाकिस्तान, क्यूबा, नाइजीरिया, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान को पार्टनर का दर्जा दिया गया है। इन देशों के प्रतिनिधियों को धीरे-धीरे अलग-अलग वर्किंग ग्रुप और फॉर्मेट में शामिल किया जा रहा है, और हम इसे एक बहुत ही सकारात्मक विकास मानते हैं। उन्होंने बताया कि रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान, रूसी प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के कामकाज को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एक्सपर्ट लेवल पर बातचीत शुरू करने की पहल की। बोले, ÷हम इस पहल को बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं, और ब्रिक्स के भीतर कई देशों ने इसका समर्थन किया।

दिल्ली विधानसभा, सरदार पटेल विद्यालय और कई सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा, सरदार पटेल विद्यालय और कई सरकारी संस्थानों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू किया और प्रभावित जगहों पर बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी। मंगलवार सुबह के समय धमकी मिलने के बाद, स्टैंडर्ड सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली पुलिस, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग यूनिट और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें उन जगहों पर पहुंचीं और संबंधित इलाकों की घेराबंदी कर दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा टीमों द्वारा तलाशी ली गई किसी भी जगह पर अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। परिसरों की अच्छी तरह से जांच की जा रही है और



अधिकारी एहतियाती इंतजामों के तहत स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। ईमेल और धमकी के स्रोत की आगे की जांच चल रही है।

यह ताजा धमकी दिल्ली विधानसभा को लेकर पहले से मौजूद सुरक्षा चिंताओं के बीच आई है, जिसे पहले भी इसी तरह की बम की धमकियां मिल चुकी हैं।

इससे पहले, 14 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट समेत दिल्ली की कई जगहों पर बम की धमकियां मिली थीं, जिसके कारण स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए थे। दिल्ली हाईकोर्ट को यह धमकी ईमेल के जरिए मिली थी, जिसमें 15 अगस्त को दोपहर 2ः11 बजे कोर्ट में कथित धमाके की चेतावनी दी गई थी। उसी ईमेल में 15 अगस्त को दोपहर 3ः11 बजे दिल्ली की जिला अदालतों में भी धमाकों की धमकी दी गई थी।

दिल्ली हाईकोर्ट के अलावा, पांच अन्य जगहों पर फोन कॉल के जरिए बम की धमकियां मिली थीं। इनमें जामनगर हाउस, झंडेवालान बिल्डिंग, एमबी रोड साकेत ऑफिस, इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल 3 और दिल्ली कैंटोनमेंट में सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) ऑफिस शामिल थे।

दिल्ली के अलावा इससे पहले महाराष्ट्र के नागपुर में भी धमकी भरा मेल मिल चुका है। 18 अगस्त को नागपुर में एक दर्जन से ज्यादा स्कूलों को बम विस्फोट की धमकी मिली थी। हालांकि, जब तलाशी ली गई तो स्कूलों से कोई संदिग्ध या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ।

चंडीगढ़ में आप को दोहरा झटका : पार्षद रामचंद्र यादव व अभिनेत्री अदिति आर्या कांग्रेस में शामिल, दिसंबर 2026 नगर निगम चुनाव से पहले गरमाई सियासत

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आगामी दिसंबर 2026 में प्रस्तावित चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव से पहले सियासी बिसात पर बड़े उलटफेर शुरू हो गए हैं। आम आदमी पार्टी को मंगलवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब वार्ड नंबर 15 के पार्षद एवं पूर्वांचल समाज के असरदार नेता रामचंद्र यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। उनके साथ ही पंजाबी सिनेमा की जानी-मानी अदाकारा अदिति आर्या ने भी कांग्रेस की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। सेक्टर-35 स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय 'राजीव गांधी भवन' में आयोजित समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के बीच हुए इस राजनीतिक घटनाक्रम को पूर्वांचल वोट बैंक और युवा वर्ग



के बीच कांग्रेस की मजबूत दस्तक के रूप में देखा जा रहा है। पार्षद रामचंद्र यादव का 'आप' पर तीखा हमला- %जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं की कद्र नहीं% आम आदमी पार्टी की युवा विंग के अध्यक्ष रह चुके पार्षद रामचंद्र यादव ने पार्टी छोड़ने के कारणों को स्पष्ट करते हुए संगठन की कार्यशैली पर सवाल उठाए- दिशाहीन नेतृत्व का आरोप- यादव ने कहा कि चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का नेतृत्व दिशाहीन हो चुका है और संगठन के भीतर समर्पित व जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

भाजपा को हराने का दमः उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा को शिकस्त देने की वास्तविक क्षमता सिर्फ कांग्रेस के पास है। पूर्वांचल समाज के हकों और शहर के विकास की लड़ाई को अब वे कांग्रेस के मंच से पूरी मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

'चंडीगढ़ को उसका स्वर्णिम दौर लौटाना है': अभिनेत्री अदिति आर्या

पंजाबी फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभा चुकीं अभिनेत्री अदिति आर्या के कांग्रेस में आने से पार्टी को सांस्कृतिक और युवा वर्ग में नया संबल मिला है-

शहर की बेटी का संकल्प- अदिति आर्या ने कहा कि वे इसी शहर की बेटी हैं और उन्होंने चंडीगढ़ का वह दौर देखा है जब इसे देश के सबसे खूबसूरत और योजनाबद्ध शहर के रूप में सराहा जाता था।

नीतियों से प्रभावितः उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर की लगातार बिगड़ती स्थिति और नागरिक समस्याओं ने उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। राहुल गांधी की जनपक्षीय राजनीति और युवाओं-छात्रों के मुद्दों पर कांग्रेस के संघर्ष से प्रभावित होकर उन्होंने राजनीति में कदम रखा है।

लक्की का दावाः दिसंबर 2026 चुनाव में कांग्रेस बनाएगी स्पष्ट बहुमत का बोर्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने इस राजनीतिक फेरबदल को शहर के मूड का परिचायक बताया-

भाजपा के 10 साल के शासन पर सवालः लक्की ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि नगर निगम में पिछले 10 में से 9 साल भाजपा के मेयर रहे।

भारत की पहली बुलेट ट्रेन का ट्रायल अगले साल मई-जून में शुरू होने की उम्मीद : अश्विनी वैष्णव

डेली आवाज भारती

मुंबई। भारत की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन का ट्रायल अगले साल मई और जून में शुरू होने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रायल शुरू होने के दो से चार महीनों के बाद इसे आम यात्रियों के लिए खोला जाएगा। वडोदरा में %नमो फॉर विकसित भारत% कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन का पहला बॉडी फ्रेम हाल ही में बनकर तैयार हुआ है और उसे स्क्रीज टेस्टिंग के लिए भेजा गया है। वैष्णव ने कहा, अगले साल मई या जून तक, भारत की अपनी बुलेट ट्रेन टेस्टिंग के लिए पटरियों पर होगी। 2-4 महीने की टेस्टिंग के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुलेट ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट %आत्मनिर्भर भारत% के विजन के तहत तैयार किया जा रहा है और इससे वडोदरा और मुंबई के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, ÷जब आप



वडोदरा से बुलेट ट्रेन में सफर करेंगे, तो आप सिर्फ डेढ़ घंटे में मुंबई पहुंच जाएंगे वैष्णव ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और सूरत-वापी सेक्शन के इस साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। रेलवे सेक्टर में बड़े सुधारों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे के ऑपरेटिंग सिस्टम, रिजर्वेशन प्लेटफॉर्म और निर्माण से जुड़े नियमों को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा, हम ऑपरेटिंग सिस्टम और रिजर्वेशन सिस्टम से लेकर पुराने कंस्ट्रक्शन प्रोटोकॉल तक, हर चीज में सुधार और आधुनिकीकरण कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि हाल के वर्षों में रेलवे के कई लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट पूरे किए गए हैं। उन्होंने चेनाब ब्रिज और मिजोरम को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने वाले रेल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, 280 रेलवे स्टेशनों को फिर से विकसित किया गया है और 36,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वंदे भारत टेक्नोलॉजी वाली कार्गो ट्रेनें भी विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने बताया कि 2020 में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का पहला सेक्शन पूरा होने के बाद, अगले सेक्शन पर काम में तेजी आई। वैष्णव ने कहा, ÷भारतीय रेलवे का जो आधुनिक स्वरूप उभर रहा है, उससे आने वाली कई पीढ़ियों को फायदा होगा।

गुवाहाटी हत्याकांडः आरोपी को पत्नी की हत्या का कोई पछतावा नहीं, कटे अंग कुत्ते को खिलाने की कोशिश की हो रही जांच

- आरोपी रामानुज गोस्वामी ने पत्नी के साथ अफेयर चलाने वाले शख्स को भी मारने की धमकी दी
- पत्नी रिया तालुकदार गोस्वामी की हत्या करने के बाद आरोपी ने सरेंडर कर दिया

डेली आवाज भारती



गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में पत्नी की हत्या के बाद गिरफ्तार आरोपी पति रामानुज गोस्वामी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने पत्नी रिया का सिर काटकर उसे रेफ्रिजरेटर में रखा था और उसकी उंगलियां भी काट दी थीं। उसने पुलिस को बताया कि उसे इस हत्या का कोई पछतावा नहीं है। रामानुज गोस्वामी और रिया की शादी को लगभग छह महीने हुए थे। डीसीपी (ईस्ट) तब्बू राम पेगु ने बताया कि गोस्वामी को अपनी पत्नी के एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर का शक था। पुलिस के मुताबिक, जोड़े के बीच अक्सर झगड़े होते थे। आरोपी रामानुज गोस्वामी ने पत्नी के साथ अफेयर चलाने वाले शख्स को भी मारने की धमकी दी थी। पत्नी रिया तालुकदार गोस्वामी की हत्या करने के बाद आरोपी ने सरेंडर कर दिया था। हत्या से पहले दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। यह भयानक घटना उस वक्त सामने आई, जब गुवाहाटी के बसिष्ठपुर इलाके में रहने वाले परिवारों ने पुलिस को बताया कि वे रिया और उसके परिवार से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को डीसीपी (ईस्ट) तब्बू राम पेगु ने बताया कि हाटीगांव पुलिस स्टेशन की एक टीम जब घर पहुंची और रिया को मृत पाया; उसका सिर धड़ से अलग था। पुलिस और फोरेंसिक टीमों ने अपार्टमेंट की जांच की और कई सबूत इकट्ठा किए। घटनास्थल पर पुलिस को एक तेज धार वाला 'दाओ' (हथियार) भी मिला, जिसका इस्तेमाल हत्या में किया गया था। अपार्टमेंट के अंदर खून के धब्बे मिले और घर का सामान बिखरा हुआ लग रहा था। पुलिस ने बताया कि रिया का कटा हुआ सिर एक रेफ्रिजरेटर के अंदर से मिला, जो एक काले पॉलीथीन बैग में लिपटा हुआ था। उसकी कुछ उंगलियां भी कटी हुई थीं। शुरुआती फोरेंसिक जांच से पता चला कि हत्या शव मिलने से 24 से 48 घंटे पहले हुई थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया। डीसीपी (ईस्ट) ने बताया कि एक झगड़े के दौरान पति ने अपना आपा खो दिया और पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या हत्या के समय गोस्वामी नशे में था और क्या उसे ड्रग्स की लत का कोई रिकॉर्ड रहा है। सीआईडी, फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट टीमें सबूतों की जांच और घटनाक्रम को फिर से समझने की कोशिश कर रही हैं। पुलिस उन खबरों की भी जांच कर रही है जिनमें कहा गया है कि गोस्वामी ने पीड़िता के शरीर के कुछ हिस्सों को कुत्ते को खिलाने की कोशिश की थी। डीसीपी (ईस्ट) ने कहा कि उन्हें इस दावे के बारे में जानकारी नहीं है और जांच के दौरान इसकी पुष्टि की जाएगी। मूल रूप से गौरीपुर के रहने वाले कैब ड्राइवर गोस्वामी और फैंसी बाजार के एक बुटीक में काम करने वाली रिया गुवाहाटी में साथ रह रहे थे।

कानोजिया पीजी महिला महाविद्यालय में गणित क्विज का आयोजन

छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग



डेली आवाज भारती

जयपुर। कानोजिया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के गणित विभाग द्वारा दिनांक 08 सितम्बर, 2026 को स्नातक (यू.जी.) की छात्राओं हेतु क्विज का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में गणितीय अभिरुचि, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना था। क्विज में गणित के विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनके माध्यम से छात्राओं की वैचारिक समझ, त्वरित सोच एवं तार्किक क्षमता का आंकलन किया गया। इस क्विज में कुल 42 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे आयोजन में सक्रिय सहभागिता दिखाई। क्वि में अर्शपिंदर कौर (सेमेस्टर तृतीय) ने प्रथम, आरजू यादव (सेमेस्टर प्रथम) ने द्वितीय तथा मानसी शर्मा (सेमेस्टर प्रथम) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस क्विज में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संकाय सदस्यों ने छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। यह आयोजन छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा और गणित के प्रति उनकी रुचि को बढ़ाने में सफल रहा।

हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी

जब समुदाय अपनी आंगनवाड़ी को अपना मानता है

2047 का विकसित भारत उन बच्चों के हाथों से बनेगा, जो अभी स्कूल कीदहलीज तक भी नहीं पहुँचे हैं। स्वस्थ और सक्षम बनने की उनकी यात्रा कीसबसे महत्वपूर्ण नींव जीवन के पहले एक हजार दिनों में ही रखी जाती है। करोड़ों भारतीय बच्चों और माताओं के लिए इस सफर का भरोसेमंद सहाराउनके आसपास ही मौजूद है—आँगनवाड़ी।

स्कूल जाने से बहुत पहले बच्चे का वजन और लंबाई आँगनवाड़ी में मापीजाती है। वहीं उसे गरम पका भोजन और घर के बाहर की दुनिया से जुड़नेका पहला अवसर मिलता है, और गर्भवती माँ को पोषण से जुड़ी पहलीसलाह भी। देशभर के लगभग 14 लाख आँगनवाड़ी केंद्र 8.9 करोड़ सेअधिक बच्चों, महिलाओं और किशोरियों तक पहुँच रहे हैं, और इन्हें चलानेवाली 25.2 लाख कार्यकर्ता व सहायिकाएँ उसी समाज से आती हैं, जिसकीवे सेवा करती हैं। आँगनवाड़ी हमारे समाज से अलग कोई व्यवस्था नहीं, हमारे अपने पड़ोस का हिस्सा है।

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पोषण अभियान की शुरुआतकर इसी परिचित व्यवस्था को देशव्यापी जनआंदोलन की मजबूत नींवबनाया। तब से हर सितंबर राष्ट्रीय पोषण माह और हर मार्च पोषणपखवाड़ा पोषण का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुँचाने का माध्यम बनेहैं।

इस वर्ष 9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह 9 सितंबर 2026 से ‘हमारी आँगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी’ थीम के साथ शुरू हो रहा है। गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्धकराना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में हमारा संकल्प मजबूत है। साथ ही, इन सेवाओं का प्रभाव तब और बढ़ता है, जब समुदाय आँगनवाड़ीको अपना मानता है। प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि विकसित भारत कानिर्माण सबके प्रयास से होगा।

लाभार्थी से भागीदार तक

इस वर्ष सामुदायिक भागीदारी को एक व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। आँगनवाड़ी प्रबंधन समितियाँ माता-पिता, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयंसहायता समूहों को केंद्र के संचालन से जोड़ती हैं। वे देख सकते हैं कि बच्चोंको क्या परोसा जा रहा है, हर हकदार बच्चे तक सेवाएँ पहुँच रही हैं या नहीं, और केंद्र को बेहतर बनाने के लिए किस सहयोग की आवश्यकता है। इसेप्रभावी बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है—सोशल ऑडिट, जो समुदाय कोअपनी आँगनवाड़ी की समीक्षा करने और सामने आने वाली बातों के आधारपर सुधार की दिशा तय करने का अवसर देता है। जिस केंद्र से बच्चों औरमाताओं का जीवन जुड़ा है, उसकी गुणवत्ता बनाए रखने में उन्हीं परिवारोंकी भागीदारी सबसे स्वाभाविक है।

इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में माँ है, और उसके हाथ में पारदर्शिता का सरलमाध्यम है—मेन्यू बोर्ड। हर केंद्र पर लगा यह बोर्ड गरम पके भोजन और टेक-होम राशन का दिन-वार विवरण परिवारों के सामने रखता है। जब एक माँजानती है कि उसके बच्चे को क्या मिलना चाहिए और केंद्र के साथ संवादकर यह सुनिश्चित करती है कि उसे तय मात्रा और गुणवत्ता के अनुसारभोजन मिले, तो पारदर्शिता रोजमर्रा की व्यवस्था बन जाती है।

पोषण माह 2026 इसी भागीदारी को जमीन पर उतारने का अवसर है। जहाँप्रबंधन समितियाँ गठित नहीं हुई हैं, वहाँ उनका गठन किया जाएगा; जहाँमौजूद हैं, वहाँ उनकी पहली बैठकें और सोशल ऑडिट होंगे। हर केंद्र पर मेन्यूबोर्ड लगेगा। तिथि भोज और स्वस्थ व्यंजनों के प्रदर्शन जैसे आयोजनपरिवारों, पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों को आँगनवाड़ी के और करीबलाएँगे।



श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

मेन्यू बोर्ड से आगे

आँगनवाड़ी सेवाओं की पहली कसौटी है—पौष्टिक भोजन, जो संतुलित औरविविधतापूर्ण भी हो- अनाज और श्री अन्न, दालें, मेवे और बीज, दूध औरदुग्ध उत्पाद, अंडा, मौसमी फल तथा हरी सब्जियाँ। इसी दिशा में जुलाई मेंजारी पूरक पोषण कार्यक्रम के व्यापक दिशानिर्देश, 2026 महत्वपूर्ण कदमहैं, जिनमें पहली बार गरम पके भोजन का स्वरूप स्पष्ट रूप से निर्धारितकिया गया है और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के पोषक मानकोंको और मजबूत किया गया है। भोजन के साथ बच्चे के शुरुआती विकास और सीखने पर भी उतना ही ध्यानजरूरी है। बच्चा क्या खाता है और कैसे सीखता है—दोनों गहराई से जुड़ेहैं। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता पहले तीन वर्षों में विकास के 34 पड़ावों पर नजररखती हैं, और नवचेतना तथा आधारशिला जैसे पाठ्यक्रम बच्चे को स्कूलके लिए तैयार करते हैं।

यह यात्रा जन्म से भी पहले शुरू होती है—गर्भावस्था में माँ का पोषण बच्चेके जीवन की शुरुआत को भी प्रभावित करता है। इसी संदर्भ में इस वर्षप्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके पीछे भावनायही रही है कि किसी महिला को गर्भावस्था के दौरान अपनी आजीविका औरअपने स्वास्थ्य के बीच चुनाव न करना पड़े। इन दस वर्षों में 4.65 करोड़लाभार्थियों तक 21,511 करोड़ सीधे उनके बैंक खातों में पहुँचे हैं। मिशनशक्ति के तहत यह योजना अब दूसरी संतान के रूप में बेटी के जन्म परअतिरिक्त लाभ भी देती है। सहायता का प्रभाव तब कई गुना बढ़ जाता है, जब वह अकेले नहीं, बल्किनिरंतर परामर्श और सहयोग के साथ पहुँचती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने भी इसी तथ्य को रेखांकित किया है कि नकद सहायता अपना पूर्णउद्देश्य तभी सिद्ध करती है, जब उसके साथ ऐसा परामर्श भी जुड़ा हो, जोपरिवार को सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम बनाए। सर्वेक्षण मेंराजस्थान के ‘कैश प्लस’ मॉडल का उल्लेख है, जिसमें नकद सहायता केसाथ सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संवाद को योजना का अभिन्न अंगबनाया गया। परिणाम यह हुआ कि सहायता राशि को भोजन पर व्यय करनेवाली महिलाओं का अनुपात 30 प्रतिशत से बढ़कर 89 प्रतिशत हो गया, और जैसे-जैसे पति तथा परिवार के अन्य सदस्य इस संवाद से जुड़ते गए, मातृ पोषण से जुड़ी भ्रांतियाँ भी दूर होती गईं। शिशु का पोषण केवल माँ कीजिम्मेदारी नहीं—इसमें परिवार, समुदाय और व्यवस्था, सभी की भूमिका है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का सम्मान

इस पूरे प्रयास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी आँगनवाड़ी कार्यकर्ता है। सामुदायिक भागीदारी का उद्देश्य उसका दायित्व बढ़ाना नहीं, बल्कि उसेसहयोग और सम्मान देना है। स्थानीय परिवारों की जो समझ और भरोसाउन्होंने वर्षों में बनाया है, वह इस व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है। जबकार्यकर्ता के साथ समुदाय खड़ा होता है, तो आँगनवाड़ी की ताकत कईगुना बढ़ जाती है। इस सितंबर, मैं हर नागरिक से अपील करती हूँ कि वह अपने क्षेत्र की कम सेकम एक आँगनवाड़ी अवश्य जाए। कार्यकर्ता से बात कीजिए, मेन्यू बोर्डपढ़िए, बच्चों को मिल रही सेवाओं के बारे में जानिए—और सबसे महत्वपूर्ण, पूछिए कि आप क्या सहयोग कर सकते हैं।

इस सितंबर जिन बच्चों का वजन आँगनवाड़ी केंद्रों में लिया जा रहा है, वे2047 में लगभग बीस-पच्चीस वर्ष के होंगे। वे जिस स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और क्षमता के साथ देश के विकास में योगदान देंगे, उसकीनींव आज रखी जा रही है। जब हर समुदाय अपनी आँगनवाड़ी को अपनीज़िम्मेदारी मानकर उसके साथ खड़ा होता है, तब हर बच्चे का भविष्य औरमजबूत होता है।

CMYK

page 8_Layout 1 08-09-2026 20:43 Page 1

भगवंत मान सरकार की टैक्स चोरी के विरुद्ध कार्रवाई

22.53 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का पर्दाफाश, मौके पर ही 9.50 करोड़ रुपये नकद बरामद: हरपाल सिंह चीमा

■ भगवंत मान सरकार द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित टैक्स प्रवर्तन तेज किए जाने से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट नेटवर्कों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई : हरपाल सिंह चीमा



■ ईमानदार करदाताओं को हमेशा सुविधा मिलेगी, परंतु भगवंत मान सरकार द्वारा टैक्स चोरी के प्रति जीरो टॉलरेंस की प्रतिबद्धता : हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/राहुल गोयल: टैक्स चोरों को सख्त चेतावनी देते हुए पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां 22 करोड़ रुपये के जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) की चोरी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करने का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मंडी गोबिंदगढ़ स्थित एक फर्म के विरुद्ध पंजाब कर विभाग के खुफिया-आधारित ऑपरेशन के परिणामस्वरूप मौके पर 9.50 करोड़ रुपये की नकद बरामदगी हुई है, जो कि टैक्स धोखाधड़ी के विरुद्ध भगवंत मान सरकार की प्रौद्योगिकी-संचालित और जीरो-टॉलरेंस नीति की एक बड़ी सफलता है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷विभाग द्वारा मेसर्स जगत मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बारीकी से किए गए डेटा विश्लेषण के माध्यम से, हमारे कर अधिकारियों ने पाया कि इस कंपनी ने लगभग 22.53 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई.टी.सी.) का गलत दावा किया था। हमने पाया कि ये बड़े दावे सीधे तौर पर उन आपूर्तिकर्ताओं से जुड़े थे, जिनके जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा पहले ही रद्द किए जा चुके थे।÷ वित्त मंत्री ने आगे बताया कि जैसे-जैसे विभाग ने गहराई से जांच की, यह स्पष्ट हो गया कि पूरी सप्लाई चेन ताश के पत्तों के महल की तरह बनी हुई थी। उन्होंने कहा, ÷हमारी जांच से यह सामने आया है कि इस लेन-देन की चेन में बिचौलिए आपूर्तिकर्ताओं ने स्वयं रद्द किए गए डीलरों से भारी आई.टी.सी. प्राप्त किया था। इससे लेन-देन की वास्तविकता पर गंभीर सवाल खड़े हुए और संकेत मिला कि माल की वास्तविक आवाजाही बहुत संदिग्ध थी। तेज प्रवर्तन कार्रवाई का विवरण देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि कर विभाग की टीमें राज्य के राजस्व को सुरक्षित करने के लिए दिन-रात एक कर रही हैं। उन्होंने बताया, ÷इन पुख्ता सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, हमारे विभाग ने 7 सितंबर 2026 को मंडी गोबिंदगढ़ में फर्म के व्यावसायिक परिसर पर सख्त निरीक्षण किया। तलाशी देर रात तक जारी रही। यह महसूस करते हुए कि उनकी चाल समाप्त हो गई है और वे हमारे साक्ष्यों से घिर गए हैं, संबंधित पक्ष ने मौके पर ही 9.50 करोड़ रुपये एस.जी.एस.टी. के रूप में नकद जमा करवा दिए।÷

वित्त मंत्री ने गर्व से कहा कि यह तत्काल जमा करवाई गई राशि पंजाब की खुफिया-आधारित प्रवर्तन प्रणाली की प्रभावशीलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा, ÷हम जाली बिलिंग नेटवर्कों की पहचान करने और दूध का दूध एवं पानी का पानी करने के लिए अत्याधुनिक डेटा विश्लेषण और प्रौद्योगिकी-आधारित जांचों का लगातार उपयोग कर रहे हैं। प्रारंभिक बरामदगी के बारे में जानकारी देते हुए, हरपाल सिंह चीमा ने स्पष्ट किया कि विभाग बकाया राशि की वसूली के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। उन्होंने कहा, ÷कुल टैक्स चोरी लगभग 22 करोड़ रुपये है और हमें उम्मीद है कि चल रही कार्रवाई के दौरान शेष राशि नियमों के अनुसार जमा करवा दी जाएगी। इस नेटवर्क की तह तक जाने के लिए, हमारी टीमें वर्तमान में माल की वास्तविक प्राप्ति, टैक्स चालानों की प्रामाणिकता, संबंधित ई-वे बिलों, वाहनों के रिकॉर्ड, तौल पर्चियों, बैंकिंग लेन-देन, और संपूर्ण वित्तीय लेन-देन की बारीकी से जांच कर रही हैं। राज्य के खजाने की रक्षा के लिए भगवंत मान सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वित्त मंत्री ने सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ÷पंजाब सरकार टैक्स चोरी और धोखाधड़ी वाले आई.टी.सी. लेन-देन के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। ईमानदार और नियमों का पालन करने वाले करदाताओं को हमेशा सुविधा मिलेगी और उन्हें हमारा पूरा सहयोग मिलेगा।

गांव झलूर में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से करवाए जाएंगे विकास कार्य: मीत हेयर



डेली आवाज भारती

■ झलूर धाम में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला का नींव पत्थर रखा

बर्नाला, (राकेश जेठी) : लोकसभा सदस्य स. गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा गांव झलूर के सर्वांगीण विकास के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। वह गांव झलूर स्थित झलूर धाम में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाने वाली गौशाला के निर्माण का नींव पत्थर रखने के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने गांव के छप्पड़ के नवीनीकरण कार्य का भी नींव पत्थर रखा। उन्होंने बताया कि गांव में अन्य आवश्यक विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा गांव झलूर में आयोजित लोक मिलनी के दौरान गांव के विकास के लिए डेढ़ करोड़ रुपये के फंड देने की घोषणा की गई थी। इन फंडों से गांव में बड़े स्तर पर विकास कार्य पूरे किए जाएंगे और गांववासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है और लोगों की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गांव में शुरू करवाए गए विकास प्रोजेक्ट समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर झलूर धाम के स्वामी अनंता नंद (राम जी), चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट श्री राम तीरथ मन्ना, हलका इंचार्ज हरिंदर सिंह धालीवाल, एसडीओ पंचायती राज जसदीप सिंह, सरपंच परगट सिंह लाडी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

संगरूर में किसान गुलजार सिंह की मौत के बाद तनाव, अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात

डेली आवाज भारती

■ नशे की बिक्री पर सवाल उठाने के बाद प्रताड़ना का आरोप; पुलिस ने आरोपों से किया इनकार, सरपंच समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज

संगरूर। पंजाब में नशे की समस्या को लेकर सवाल उठाने वाले 50 वर्षीय गुलजार सिंह की आत्महत्या से मौत के बाद मंगलवार को संगरूर के अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल और आसपास के क्षेत्र में 100 से अधिक पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। गांव के लोगों और स्थानीय निवासियों के एकत्र होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। जानकारी के अनुसार, गुलजार सिंह ने पिछले सप्ताह दिड़बा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नशीले पदार्थों की बिक्री का मुद्दा उठाया था। वायरल हुए एक वीडियो में उन्होंने अपने बेटे के नशे का आदी होने और नशे की आसानी से उपलब्धता पर चिंता जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद गुलजार सिंह पर दबाव बनाया गया और उन्हें पुलिस की ओर से प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। हालांकि, पुलिस ने प्रताड़ना और यातना के आरोपों से इनकार किया है तथा मामले की जांच जारी होने की बात कही है। गुलजार सिंह को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाने के बाद पहले दिड़बा के अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और बाद में बेहतर उपचार के लिए लुधियाना ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इस घटना से कुछ दिन पहले नशा विरोधी कार्यकर्ता मोहनजीत सिंह ने भी सुनाम में मुख्यमंत्री की रैली के दौरान काला झंडा दिखाने के बाद पुलिस यातना के आरोप लगाए थे। इन घटनाओं को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना के आरोप में एक सरपंच तथा दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतक ने अपने शुरुआती बयान में गांव के सरपंच और दो अन्य लोगों के नाम लिए थे। पटियाला रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद गुलजार सिंह का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

एमसीए ने छेहरटा मेन बाजार, खालसा कॉलेज और खालसा यूनिवर्सिटी क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई तेज की

अतिक्रमणकारियों के कड़े विरोध के बावजूद कार्रवाई; ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जे हटाए गए

डेली आवाज भारती



अमृतसर। सार्वजनिक सड़कों, गलियों और फुटपाथों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करवाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम अमृतसर (एमसीए) ने आज छेहरटा मेन बाजार, खालसा कॉलेज के पीछे तथा खालसा यूनिवर्सिटी से लगती गलियों में बड़े स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों पर तथा सेक्रेटरी-कम-एस्टेट ऑफिसर सुशांत भाटिया की निगरानी में की गई। प्रवर्तन टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर प्रीति चौहान और इंस्पेक्टर अमन कुमार ने किया, जबकि डीसीपी ट्रैफिक अनंदीप कौर तथा ट्रैफिक पुलिस टीम ने कार्रवाई में सक्रिय सहयोग दिया। अभियान के दौरान प्रवर्तन टीमों ने सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध विस्तार, अस्थायी ढांचों, रेहड़ियों, फड़ियों तथा अन्य अवरोधों को हटाया। इन अतिक्रमणों के कारण पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक रास्तों को साफ करवाकर यातायात तथा पैदल आवागमन को सुचारू बनाना था। कार्रवाई के दौरान एमसीए की प्रवर्तन टीम को कुछ अतिक्रमणकारियों और लोगों की ओर से कड़े विरोध का भी सामना करना पड़ा। इसके बावजूद अधिकारियों ने संयम बनाए रखा और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से कार्रवाई जारी रखी। एमसीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कें, फुटपाथ और गलियां किसी की निजी व्यावसायिक जगह नहीं हैं। किसी भी व्यक्ति या व्यावसायिक प्रतिष्ठान को सार्वजनिक भूमि पर कारोबार बढ़ाकर लोगों की आवाजाही बाधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नगर निगम ने सभी दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों तथा अन्य अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी है कि वे सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों से अपने अवैध अतिक्रमण तुरंत हटा लें। एमसीए ने चेतावनी दी कि नए या दोबारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अवैध ढांचों को हटाने, सामान/सामग्री जब्त करने तथा जहां लागू हो वहां चालान करने की कार्रवाई शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी अतिक्रमणकारी को सार्वजनिक सड़कों या फुटपाथों पर अवरोध पैदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एमसीए ने व्यापारियों और शहरवासियों से नगर निगम का सहयोग करने तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वेच्छा से अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की। निगम ने दोहराया कि यह अभियान जनहित में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य यातायात को सुचारू बनाना, पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना और सार्वजनिक स्थानों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के लगातार जारी रहेगी।

मानसिक तनाव से बचने के लिए स्वयं की पहचान और आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ना जरूरी : उप-कुलपति प्रो. करमजीत सिंह

डेली आवाज भारती





अमृतसर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने कहा कि मानसिक पीड़ा और तनाव का एक बड़ा कारण अपनी आध्यात्मिक जड़ों, अपनी वास्तविक पहचान और सृष्टिकर्ता से दूर होना है। जब व्यक्ति स्वयं को पहचानता है, आत्मज्ञान प्राप्त करता है और सृष्टिकर्ता से जुड़ता है तो उसके जीवन में तनाव और चिंताएं कम होने लगती हैं। उन्होंने कहा कि गुरबाणी के सिमरन, आत्मचिंतन और सेवा के साथ आधुनिक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य को और मजबूत किया जा सकता है।

उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से आर.यू.एस.ए. 2.0 (आउटरीच गतिविधियों) के तहत गोल्डन जुबली कन्वेंशन सेंटर में 'मानसिक स्वास्थ्य मायने रखता है' विषय पर आयोजित विशेष सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। सेमिनार में गुरबाणी के दार्शनिक विचारों, आधुनिक मनोविज्ञान और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक लचीलापन मजबूत करना और स्वस्थ जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम 'एक स्वस्थ मन, एक स्वस्थ कल' की अवधारणा को समर्पित था। सेमिनार के दौरान भाटिया न्यूरो साइकियाट्रिक अस्पताल, अमृतसर के प्रसिद्ध मनो-रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.पी.एस. भाटिया ने विद्यार्थियों के साथ विशेष प्रश्नोत्तर सत्र किया। उन्होंने 'स्वयं', 'अस्तित्व' और 'जीवन के उद्देश्य' से जुड़े विचारोत्तेजक सवाल विद्यार्थियों के सामने रखे। विद्यार्थियों ने अपने विचारों और व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर इन सवालों के जवाब दिए। डॉ. भाटिया ने विद्यार्थियों के जवाबों को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाते हुए कहा कि स्वयं की पहचान, अपनी भावनाओं को समझना और जीवन के उद्देश्य को पहचानना मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी दुविधाओं और चिंताओं को भी साझा किया।

पंजाब में सुस्त पड़ा मानसून, चढ़ने लगा पारा ; बादलों की बेरुखी के चलते अगले 4 दिन शुष्क रहेगा मौसम

राज्य के औसत अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई

डेली आवाज भारती



पंजाब के औसत अधिकतम तापमान में 0.7 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया। 36.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बठिंडा हवाई अड्डा क्षेत्र सूबे में सबसे गर्म दर्ज किया गया, जहां महज एक दिन में पारा 2 डिग्री चढ़ गया। इसी तरह पटियाला में 35.5 डिग्री, पठानकोट में 35.4 डिग्री और लुधियाना व फरीदकोट में 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। अमृतसर में भी पारा 2.9 डिग्री चढ़कर 33.9 डिग्री पर पहुंच गया।

पंजाब से मानसून की रवानगी के संकेत अब साफ दिखाई देने लगे हैं। बीते चौबीस घंटों के दौरान बादलों की बेरुखी के चलते पूरे राज्य में बारिश की रफ्तार थम गई है, जिसका सीधा असर तापमान पर देखने को मिल रहा है। सोमवार को राज्य के औसत अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। चालू हफ्ते में तेज धूप खिलने के साथ ही पारे में और इजाफा हो सकता है, जिससे लोगों को हल्की उमस और गर्मी का सामना करना पड़ेगा। वैसे बारिश थमते ही धूप का असर तापमान पर साफ नजर आने लगा है। मौसम विज्ञान विभाग, चंडीगढ़ द्वारा जारी ताजा बुलेटिन के मुताबिक 8 से 11 सितंबर तक बठिंडा, फरीदकोट, मुक्तसर, फाजिल्का, फिरोजपुर, मोगा, लुधियाना, पटियाला, संगरूर, बरनाला, मोहाली, रोपड़, नवांशहर, होशियारपुर, पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर और तरनतारन जिलों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है, लेकिन मौसम के मिजाज में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा।

बीच सूबे में किसी व्यापक या भारी बारिश के आसार नहीं हैं। हालांकि, हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से सटे उत्तरी और पूर्वी जिलों को पूरी तरह निराशा हाथ नहीं लगेगी। पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर और एसएएस नगर (मोहाली) में स्थानीय बादलों के बनने से कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की फुहारें गिर सकती हैं। मौसम विभाग ने पंजाब में फिलहाल अलर्ट जारी नहीं किया है। मंगलवार से लेकर शुक्रवार तक मालवा और माझा के बड़े मैदानी इलाकों जैसे अमृतसर, गुरदासपुर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, फाजिल्का और फिरोजपुर में आसमान साफ रहने और धूप खिली रहने की संभावना है। 10 और 11 सितंबर को गुरदासपुर के कुछ हिस्सों में बारिश

एस.आई.आर. की प्रगति का जायजा, रोल ऑब्जर्वर मनवेश सिंह सिद्धू ने लिया

29,891 अनमैप्ड वोटरों को नोटिस, 15,141 से दस्तावेज प्राप्त–5,219 की जांच पूरी

डेली आवाज भारती



रूपनगर, (गुरप्रीत) : भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंडीगढ़ के निर्देशों के अनुसार कमिश्नर रूपनगर मंडल, रूपनगर एवं रोल ऑब्जर्वर स. मनवेश सिंह सिद्धू द्वारा आज जिले में चल रही मतदाता सूचियों की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) की प्रगति का जायजा लिया गया। स. मनवेश सिंह सिद्धू ने निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारियों (ई.आर.ओ.) को निर्देश दिए कि एस.आई.आर. की पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में दर्ज न हो। उन्होंने नए नाम शामिल करने, नाम हटाने और संशोधन संबंधी आवेदनों का बिना देरी निपटारा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की सुविधा के लिए दस्तावेजी प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु मौके पर ही भौतिक आवासीय प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर डॉ. अक्षिता गुप्ता की मौजूदगी में रोल ऑब्जर्वर द्वारा एस.आई.आर. के तहत नोटिसों की तामील, सुनवाई की कार्रवाई, दस्तावेजों की जांच और रजिस्ट्रेशन के कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने बताया कि 1 जून 2026 से 7 सितंबर 2026 तक जिले में दावों और आपत्तियों संबंधी कुल 94,650 फॉर्म प्राप्त हुए हैं। इनमें 16,176 फॉर्म नंबर 6, 67 फॉर्म नंबर 6-ए, 3,916 फॉर्म नंबर 7 और 20,405 फॉर्म नंबर 8 शामिल हैं। ये फॉर्म विधानसभा हलका 49-आनंदपुर साहिब, 50-रूपनगर और 51-चमकौर साहिब (अ.जा.) से संबंधित हैं। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि कुल 29,891 अनमैप्ड वोटरों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 15,141 वोटरों से दस्तावेज प्राप्तहो चुके हैं और 5,219 दस्तावेजों की जांच पूरी की जा चुकी है। बाकी दस्तावेजों की जांच निर्धारित समय के भीतर पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सुनवाई का दूसरा चरण 15 सितंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट एस.आई.आर.-2026 के आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 5,23,752 पंजीकृत वोटर हैं। इनमें 2,72,270 पुरुष, 2,51,470 महिलाएं और 12 ट्रांसजेंडर वोटर शामिल हैं। वोटरों के लिए जिले में 532 स्थानों पर 714 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को अंतिम प्रकाशना से पहले निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करते हुए एस.आई.आर. की पूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी रूपनगर जसप्रीत सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी श्री आनंदपुर साहिब सुखपाल सिंह, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि–आम आदमी पार्टी से राम कुमार मुकारी, कांग्रेस से भूपिंदर सिंह, भारतीय जनता पार्टी से जरनैल सिंह भाओवाल, बहुजन समाज पार्टी से सरदूल सिंह और वरिंदर सिंह क्लेर, सीपीएम से कॉमरेड गुरदेव सिंह बागी, चुनाव तहसीलदार पलविंदर सिंह, चुनाव कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्य उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बठिंडा में नशा बिक्री के आरोपों के बाद पुलिस का बड़ा तलाशी अभियान, करीब 20 हिरासत में

डेली आवाज भारती

■ शिरोमणि अकाली दल के कथित स्टिंग वीडियो के बाद संगत कलां और संगत मंडी में 200 पुलिसकर्मियों ने की कार्रवाई

बठिंडा। शिरोमणि अकाली दल की ओर से नशे की बिक्री से संबंधित कथित स्टिंग वीडियो साझा किए जाने के दो दिन बाद बठिंडा पुलिस ने संगत कलां गांव और संगत मंडी में व्यापक घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। मंगलवार सुबह करीब 200 पुलिस कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर जांच की। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान करीब 20 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और उनके कब्जे से कुछ बरामदगी भी हुई है।

शिरोमणि अकाली दल ने अपने फेसबुक पेज पर 3 मिनट 12 सेकंड का वीडियो साझा कर दावा किया था कि संगत कलां गांव में चिट्टा 600 रुपये तक में बेचा जा रहा है और महिलाओं के माध्यम से इसकी आपूर्ति की जा रही है। पार्टी ने वीडियो के आधार पर तत्काल जांच की मांग करते हुए राज्य में नशे की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सवाल उठाए थे। हालांकि, वीडियो में किए गए दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इस वीडियो से संबंधित मामले में पहले ही एक महिला समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने उनके कब्जे से नौ ग्राम हेरोइन बरामद करने का दावा किया था। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान हरिंदर सिंह, मनजिंदर कौर और अरुणप्रीत सिंह गग्गू के रूप में हुई है। बठिंडा के पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जगदीश बिश्नोई ने बताया कि मंगलवार के अभियान के दौरान करीब 20 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और बरामदगी भी की गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कार्रवाई और बरामदगी का सटीक विवरण साझा किया जाएगा।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में नशे की कथित बिक्री को लेकर चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

CMYK